केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड



श्री महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

**सुविचार**

घड़ी की सुई अपने नियम से चलती है। इसीलिए सब उसका विश्वास करते हैं। आप भी अपने नियम से चलिये, लोग आपका भी विश्वास करेंगे.!

वर्ष 13 अंक 259 | उज्जैन, गुरुवार 2 मार्च 2023 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए

## न्यूज ब्रीफ

### प्रदेश के विकास को नई गति प्रदान करने वाला बजट -लोक निर्माण मंत्री श्री भार्गव

**अधो-संरचना विकास के लिए 9408 करोड़ का प्रावधान**



**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** लोक निर्माण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार का वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट प्रदेश के विकास को नई गति प्रदान करेगा। आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के लक्ष्य की पूर्ति तथा देश की अर्थ-व्यवस्था के 5 ट्रिलियन डॉलर बनाने के लिए पूँजीगत व्यय को लगभग 20 प्रतिशत रखा जाना राज्य शासन की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अधो-सरंचना विकास के लिये 9408 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। इससे नवीन सड़कों, पुलों के निर्माण के साथ वर्तमान सड़कों के संधारण का लक्ष्य रखा गया है। ग्रामीण सड़ाकों एवं अन्य जिला मार्गों के निर्माण और उन्नयन के लिए 1020 करोड़ रूपये, सुदृढ़ीकरण के लिए एक हजार करोड़, वृहद पुलों के निर्माण के लिए 485 करोड़ और म.प्र. सडक विकास कार्यक्रम के लिए 421 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

### जन आंकाक्षओं के अनुरूप म.प्र. का बजट - लोक निमाण राज्य मंत्री श्री धाकड़



**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।**लोक निर्माण राज्य मंत्री श्री सुरेश धाकड़ ने कहा है कि राज्य शासन का वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट जन-आकांक्षाओं के अनुरूप है। प्रदेश की अधो-संरचना के साथ जन-कल्याणकारी योजनाओं पर केन्द्रित बजट है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के कल्याण, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं को सम्मिलित किया जाना राज्य शासन की मंशा को दर्शाता है।

### ट्रेलर की टक्कर से पति की मौत पत्नी गंभीर, लोगों ने किया सड़क जाम

**रायगढ़/जीएनएस।** रायगढ़ जिले में हादसे का ग्राफ दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। जिसमे सड़क दुर्घटना का सबसे अधिक प्रकरण रायगढ़ बिलासपुर नेशनल हाइवे से सामने आ रहा हैं। जहां घर जा रहे मोटरसाइकिल सवार दम्पति को तेज रफ्तार ट्रेलर ने ठोंक दिया जिससे वाहन चला रहे पति की मौत हो गई जबकि पत्नी की हालत गंभीर है जिसे उपचार के लिए मेकाहारा के भर्ती कराया गया है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना स्थल पर चक्काजाम कर दिया है और जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। कैप्सूल वाहन क्रमांक सीजी 22 जे 0783 के चालक ने वाहन को तेजगति से चलाते हुए बाइक क्रमांक सीजी 13 एम 7033 के चालक शंकर लाल पटेल उम्र करीब 48 वर्ष निवासी धूबनीपाली मानिकपुर सरिया को जोरदार ठोकर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए रायगढ़; लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उसकी पत्नी भी उसके साथ थी। वहीं घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना स्थल पर चक्काजाम कर दिया है और नारे बाजी कर रहे हैं।

### समाजवाद सबसे बड़ा पाखण्ड, रामराज्य से ही चलेगा देश-आदित्यनाथ

**लखनऊ/जीएनएस।** मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिये सदन में प्रस्तुत बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए समाजवाद को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने समाजवाद को अप्रासंगिक बताते हुए कहा यह देश रामराज्य से ही चलेगा। यह बजट रामराज्य की आधारशिला बनने जा रहा है। इस वर्ष भगवान राम का भव्य मंदिर बन कर तैयार हो जायेगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विधानसभा में समाजवाद को नेताओं को अपने लोगों को शक्तिशाली बनाने का सबसे बड़ा पाखण्ड करार देते हुए कहा कि यह देश समाजवाद से नहीं बल्कि राम राज्य से ही चलेगा।

## अंतरराष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन तीन मार्च से, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु करेंगी शुभारंभ

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतराष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन तीन से पांच मार्च तक भोपाल में होगा। सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु करेंगी। नए युग में मानववाद के सिद्धांत पर केंद्रित सम्मेलन का आयोजन वैश्विक विचारों को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

इस सम्मेलन में 15 देशों के 350 से अधिक विद्वान शामिल हो रहे हैं। इसमें भूटान, मंगोलिया, श्रीलंका, इंडोनेशिया, थाइलैंड, वियतनाम, नेपाल, दक्षिण कोरिया, मारिशस, रूस, स्पेन,



फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन की सहभागिता रहेगी।

सम्मेलन में चार मुख्य सत्रों में 25 विद्वान अपने विचार रखेंगे। इसी दौरान 15 समानान्तर-सत्र भी होंगे। सम्मेलन की थीम नए युग में मानववाद का सिद्धांत÷ पर केंद्रित 115 शोध पत्र पढ़े जाएंगे।

सम्मेलन में पहली बार एक अनूठा मंत्री सत्र भी होगा, जिसमें पांच देशों के मंत्री सांस्कृतिक, सामंजस्य और विभिन्न विषय पर चर्चा करेंगे। इस सत्र में भूटान, श्रीलंका, इंडोनेशिया, नेपाल और भारत के मंत्री शामिल होंगे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मध्य प्रदेश की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर की प्रस्तुति की जाएगी। इसमें जनजातीय नृत्य और देश-विदेश में प्रसिद्धि पा चुके मध्य प्रदेश की धूलिया जनजाति के गुदुमबाजा का भी प्रदर्शन होगा। मां नर्मदा को समर्पित लोकगीतों की प्रस्तुति भी होगी।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर की ब्रिटेन को दो टूक, कहा- बीबीसी को भी मानने होंगे भारत के नियम कानून

**नई दिल्ली/जीएनएस।** भारत ने आज ब्रिटेन से दो टूक शब्दों में कह दिया कि ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) को भारत में काम करने के लिए देश के सभी नियमों एवं कानूनों का पालन करना पड़ेगा। सूत्रों ने बताया कि जी-20 विदेश मंत्रियों के सम्मेलन में भाग लेने आए ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात में बीबीसी के भारत स्थित कार्यालयों में आयकर विभाग के सर्वेक्षणों का मुद्दा उठाया। सूत्रों के अनुसार डॉ. जयशंकर ने बहुत दृढ़ता से कहा कि भारत में काम करने वाली सभी इकाइयों को हर हाल में सभी नियमों एवं कानूनों का पालन करना पड़ेगा।

## मेघालय, त्रिपुरा और नगालैंड विधानसभा चुनावों की मतगणना आज



**मेघालय/जीएनएस।** तीन पूर्वोत्तर राज्यों- मेघालय, त्रिपुरा और नागालैंड में वोटों की गिनती 2 मार्च की सुबह शुरू होने वाली है, जिसके बाद विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित किए जाएंगे। मेघालय, नागालैंड और त्रिपुरा में वोटों की गिनती कल सुबह 8 बजे शुरू होगी और नतीजे बाद में आने की उम्मीद है। तीनों राज्यों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं, सैकड़ों उम्मीदवार मैदान में हैं। त्रिपुरा में 16 फरवरी को मतदान हुआ था। तो वहीं नगालैंड और मेघालय में 27 फरवरी को मतदान हुआ था। हालांकि तीनों विधानसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती गुरुवार को होगी। तीनों राज्यों के लिए मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच दो मार्च को सुबह आठ बजे शुरू होगी, जबकि राज्यों में मतदान 16 फरवरी से 27 फरवरी के बीच हुआ। उम्मीद है कि चुनाव के नतीजे घोषित किए जाएंगे।

भारत के चुनाव आयोग ने 2 मार्च को मेघालय विधानसभा चुनावों के लिए वोटों की गिनती के लिए 13 मतगणना केंद्र स्थापित किए हैं। साथ ही पूरे राज्य भर में पर्याप्त सुरक्षा के उपाय किए गए हैं। सभी ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में सुरक्षा की तीन परतों के तहत रखा गया है। गौरतलब है कि मेघालय विधानसभा के 59 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान 27 फरवरी को आयोजित किया गया था। जिसमें 85.17 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

### मेघालय में 13 मतगणना केंद्र स्थापित


मेघालय के मुख्य चुनावी अधिकारी फ्रा खारकॉन्गोर ने एएनआई को बताया कि वोटों की गिनती 2 मार्च को आयोजित की जाएगी और गिनती के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि हमने सभी 12 जिलों में 13 मतगणना केंद्र बनाए हैं। मतगणना के लिए 27 मतगणना ऑबर्जवर और 500 माइक्रो ऑबर्जवर तैनात किए गए हैं। एफ. आर. खारकोंगोर ने कहा कि हमने सभी इंतजाम किए हैं।

## गहलोत सरकार का महिलाओं को तोहफा, रोडवेज बसों के किराए में 1 अप्रैल से मिलेगी 50% की छूट

**जयपुर/जीएनएस।** राजस्थान की गहलतो सरकार ने महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने रोडवेज की साधारण बसों में महिलाओं को किराए में 50 फीसदी तक छूट देने का फैसला लिया है। महिलाओं को किराए में यह छूट 1 अप्रैल मे मिलेगी। सीएम अशोक गहलतो ने महिलाओं को राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की साधारण बसों में राज्य की सीमा में किराए में छूट की सीमा में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सरकार ने रोडवेज की बसों में छूट 30 फीसदी से बढ़ाकर 50 फीसदी करने का ऐलान किया है। साथ ही निगम की साधारण बसों के अतिरिक्त शेष श्रेणी की बसों में महिलाओं को 30 प्रतिशत छूट यथावत रहेगी।

## सूट-बूट, गले में टाई और ट्रिम दाड़ी, भारत जोड़ो यात्रा के बाद नए लुक में नजर आए राहुल गांधी

**नई दिल्ली/जीएनएस।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी 7 दिन के ब्रिटेन दौरे पर गए हैं। खास बात यह है कि ब्रिटेन दौरे पर गए राहुल गांधी का लुक एकदम चेंज हो गया है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान आपने राहुल गांधी को ज्यादातर सफेट टी शर्ट और लंबी दाड़ी में देखा होगा, लेकिन ब्रिटेन पहुंचते ही उनका लुक चेंज हो गया है। राहुल गांधी ने महीनों से बढ़ाई हुई दाढ़ी को कटवा लिया है और बाल भी छोटे करा लिए हैं। ब्रिटेन से राहुल गांधी की तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें वह कोट-टाई में नजर आ रहे हैं। उनकी दाढ़ी भी सेट नजर आ रही है और बाल भी कटवा



लिए हैं। बताया जा रहा है कि राहुल गांधी ब्रिटेन में कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में लेक्चर देंगे। कैम्ब्रिज के बिजनेस स्कूल के छात्र रह चुके राहुल गांधी लर्निंग टू लिसन इन द 21वीं सेंचुरी विषय पर छात्रों को संबोधित करेंगे। इस दौरान वह भारतीय प्रवासी समूह को भी संबोधित करेंगे।

## मुकेश अंबानी, अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र के घरों को उड़ाने की धमकी, आरोपी पालघर से गिरफ्तार



**मुंबई/जीएनएस।** महाराष्ट्र पुलिस ने अरबपति व्यवसायी मुकेश अंबानी, बॉलीवुड मेगास्टार अमिताभ बच्चन और फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र समेत मुंबई के अन्य प्रमुख लोगों के घरों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले एक व्यक्ति को पालघर शहर से गिरफ्तार किया है। पेशे से ड्राइवर यह व्यक्ति नागपुर का निवासी है और उसने मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर दावा किया था कि आतंकवादी हमले को अंजाम देने के लिए 25 हथियारबंद लोग मुंबई के दादर पहुंच चुके हैं। इसके बाद पुलिस की जांच शुरू हुई और कई टीमों का गठन किया गया।

पुलिस टीमों ने धमकी भरे कॉल मिलने के बाद दक्षिण मुंबई के संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों के साथ-साथ सभी बंदरगाहों और लैंडिंग पॉइंट की तलाशी ली, लेकिन उन्हें कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस को जांच के दौरान कॉल करने वाले की पहचान नागपुर निवासी अश्विन भारत माहिस्कर के रूप में हुई, जिसने पालघर जिले के दहानू रेलवे स्टेशन से काल किया था। बाद में उसे दहानू पुलिस की अपराध शाखा ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।





## सिसोदिया जैन के इस्तीफे के बाद केजरीवाल बोले- इंदिरा गांधी की तरह प्रधानमंमोदी ने अति कर दिया है, ऊपरवाला झाड़ू चलाएगा

**नई दिल्ली/जीएनएस।** विधायक और पार्षदों की बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हमारा समय आ चुका है। उन्होंने कहा कि सिसोदिया भाजपा में शामिल हो जाएं तो आज ही रिहा हो जाएंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आम आदमी पार्टी आंधी है और आंधी को कोई रोक नहीं सकता।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के इस्तीफे के बाद अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि दिल्ली में भ्रष्टाचार कोई मुद्दा नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमारे अच्छे कामों को रोकना चाहते हैं। इसके साथ उन्होंने कहा कि अब दिल्ली में दोगुनी गति से काम चलेगा। साथ ही साथ उन्होंने इस बात का भी ऐलान किया कि सौरभ भारद्वाज और आतिशी अब काम संभालेंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा



कि अगर काम अच्छा नहीं होता तो गिरफ्तारी नहीं होती। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद से जनता में भारी रोष है।

विधायक और पार्षदों की बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हमारा समय आ चुका है। उन्होंने कहा कि सिसोदिया भाजपा में शामिल हो जाएं तो आज ही रिहा हो जाएंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आम आदमी पार्टी आंधी है और आंधी को कोई रोक नहीं सकता। इसके साथ उन्होंने कहा कि पंजाब की जीत भाजपा को बर्दाश्त नहीं हो रही है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि शराब नीति बहाना है इसमें कोई घोटाला नहीं हुआ। असल में क्क्रू चाहते हैं कि दिल्ली में हो रहा अच्छा काम रुक जाए। हमने सबसे अच्छा काम शिक्षा और स्वास्थय क्षेत्र में किया है हुआ और दोनो मंत्रियों को जेल में डाल दिया। मैं आश्वासन देता हूं कि काम नहीं रुकेगा।

केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली में किये जा रहे अच्छे कार्यों को रोकना चाहते हैं। लेकिन मैं जनता को बताना चाहता हूं कि काम दोगुनी रफ्तार से होगा। आतिशी और सौरभ भारद्वाज जल्द मंत्रिमंडल में शामिल होंगे। दोनों शिक्षित हैं और दोगुनी गति से अच्छे काम करते रहेंगे। उपमुख्यमंत्री कौन होगा, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, ''अगर हमें जरूरत पड़ी, तो देखेंगे।''

## दिल्ली का आश्रम फ्लाईओवर 2 महीने बाद, 6 मार्च को फिर से खुलेगा

**नई दिल्ली/जीएनएस।** 1 जनवरी, 2023 से आश्रम फ्लाईओवर और नई दिल्ली-नोएडा डायरेक्ट (डीएनडी) फ्लाईओवर के बीच कनेक्टिंग रोड के निर्माण के कारण आश्रम फ्लाईओवर रोड के दोनों कैरिजवे बंद हैं।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को घोषणा की कि आश्रम-डीएनडी फ्लाईओवर दो महीने के बाद 6 मार्च (सोमवार) से यात्रियों के लिए फिर से खुल जाएगा। फ्लाईओवर यात्रियों को आश्रम चौक और डीएनडी के बीच तीन ट्रैफिक लाइटों को बायपास करने की अनुमति देगा, जिससे वाहनों की आवाजाही आसान हो जाएगी। 1 जनवरी, 2023 से आश्रम फ्लाईओवर और नई दिल्ली-नोएडा डायरेक्ट (डीएनडी) फ्लाईओवर के बीच कनेक्टिंग रोड के निर्माण के कारण आश्रम फ्लाईओवर रोड के दोनों कैरिजवे बंद हैं।

थांदला नगर परिषद ने नगर के महत्वपूर्ण नगर को जोड़ने वाले नई पूल बनवा कर प्राथमिकता से पूर्ण किया कार्य

# 29 लाख 70 हजार से बनाया पूल सांसद गुमानसिंह डामोर ने किया लोकार्पण



**झाबुआ (थांदला) माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर परिषद थांदला की नवीन परिषद स्थापना के साथ नगर विकास की रस्म की शुरुआत नगर की प्रथम जरूरत नगर की 80 प्रतिशत आबादी को कोर्ट, तहसील, नगर परिषद, स्कूल, कॉलेज, विद्युत मण्डल जैसे शासकीय विभागों तथा 20 प्रतिशत आबादी को सिविल अस्पताल, पुलिस थाना, सब्जी बाजार के साथ ही महत्वपूर्ण व्यापारी प्रतिष्ठानों से जोड़ने वालें 29.70 लाख रुपये से विद्युत सौंदर्यीकरण युक्त नव निर्मित पूल का लोकार्पण करते हुए की। करीब दो से माह कुछ अधिक समय के इंतजार के बाद आज क्षेत्रीय सांसद गुमानसिंह डामर, अजजा प्रदेशाध्यक्ष कलसिंह भाबर, जिला प्रभारी हरिनारायण यादव, सांसद प्रतिनिधि दिलीप कटारा, नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुनील पणदा, उपाध्यक्ष पंकज जागीरदार एवं उपस्थित पार्षदों द्वारा इसका विधिवत मंत्रोच्चार के साथ शुभारम्भ किया गया।

### नगर परिषद से जनता को समस्याओं के निराकरण के साथ विकास की है आस

नगर परिषद द्वारा नगर की जनता की जरूरत को ध्यान में रखते हुए सर्व प्रथम इस पूल का निर्माण करना उनकी भविष्य में जनता के प्रति उत्तरदायी होने की संकल्पित भावना दर्शाता है वही जनता को भी नवीन परिषद से नगर में व्याप्त अतिक्रमण, खुले व बाजारों में बिक रहे अवैधानिक रूप से मांस मच्छी की दुकानों, आवारा पशुओं जैसी ज्वलंत समस्याओं से निजात पाने की उम्मीद के साथ वार्ड में सड़क, बिजली, पानी व नालियों की सफाई आदि मूलभूत सुविधाओं के साथ आसपास की कालोनियों में नियमानुसार गार्डन तैयार करने की आस भी है।

### यह रहे मौजूद

आयोजन में पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मण नायक, जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र यादव, पूर्व नप अध्यक्ष बंटी डामोर, वरिष्ठ नेता श्यामा ताहेड़, विश्वास सोनी, वार्ड पार्षद धापू वसुनिया, नेता प्रतिपक्ष वंदना भाबर, अन्य वार्ड पार्षद लीला डामोर, कन्नू मोरिया, समर्थ उपाध्याय, माया सचिन सौलंकी, ज्योति जितेंद्र राठौड़, अखिल व्होरा, राजू धानक, भूमिका आशीष सोनी, जगदीश प्रजापत सहित नगर परिषद कर्मचारी, शीतल जैन, विजय गिरी, पप्पू बरिया, धार्मिक आचार्य, यशदीप अरोरा, गौरांकसिंह राठोर आदि के साथ नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थिति थे द्य कार्यक्रम का संचालन नगर परिषद उपाध्यक्ष पंकज जागीरदार ने व सीएमओ राहुल सिंह वर्मा ने आभार माना।

# मध्य प्रदेष पेंशनर समाज की बैठक संपन्न



**बड़नगर/दैनिक मालवा हरेराल्ड।** पेंशनर समाज बड़नगर द्वारा गीता भवन में पेशनर्स कि बैठक का आयोजन दिनांक 28 फरवरी 2023 मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भरतलाल शर्मा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी एल.एस. सिकरवार, रमाकांत आचार्य, गोविन्द जोशी व बालकृष्ण पोरवाल थें।

कार्यक्रम में शासन द्वारा पेंशनर के महंगाई राहत के आदेश जारी नही करना एवं पुराने वेतनमान के क्रमशः 32 माह एवं 27 माह के ऐरीयर्स के भुगतान नही करने पर आक्रोश व्यक्त किया गया। संपूर्ण प्रदेश मे फेडरेशन द्वारा मिशन 2023 के अन्तर्गत पेंशनर जोड़ो नव जागरण अभीयान प्रारंभ किया गया उसका पूर्ण रूप से समर्थन करने का प्रस्ताव परित किया गया। आगामी दिनो में पेंशनर का जिला स्तरीय सम्मेलन बड़नगर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया साथ ही 75 वर्ष से ऊपर वाले सेवानिवृत्त पेंशनरो का सम्मान किया जावेगा एवं रमेशचन्द्र कछावा द्वारा आजीवन सदस्यता ग्रहण करने पर सम्मान किया गया। इस सम्मेलन को सफल बनाने की अपील समस्त पेंशनरो ने की। जिसमे रामेंश्वर नागल, गोविन्दसिंह पवांर, शिवकान्त पाण्डे, उमाशंकर मेहता, वीरेन्द्रसिंह आजाद, योगेश आचार्य, नटवरलाल पवारी, रामकृष्ण पण्डया, लालसिंह ठाकुर, सुभाष गुप्ते, गजेन्द्रसिंह राणावत, राजेन्द्रसिंह राणावत, सत्यनारायण पटवारी, रमेशचन्द्र राठौर (मण्डी), सुभाष पण्डया, दिलीप पंचांक्षरी, राजेन्द्र शर्मा, नन्दकिशोर उबाल, जगदीशचन्द्र श्रीवास्तव, रामचन्द्र डोड्ीया, कैलाश वर्मा, सुबोध अग्रवाल, अम्बाराम चांगेसिया, कैलाश दवे पटवारी, बालकृष्ण पांचाल, बाबुराम कुशवाह, शंकरलाल पंवार, हरचन्द माली, विक्रमसिंह चौहान, श्यामदास वैष्णव, उंकारदास बैरागी, गौपाल मालवीय आदि ने अपील की। संचालन विनोद मकवाना ने किया।

## बालाजी भक्त मण्डल के तत्वाधान में हुआ शानदार भजन एव प्रवचन



**नागदा(राजेश सकलेचा)/दैनिक मालवा हरेराल्ड।** बालाजी भक्त मण्डल इन्दौर के तत्वाधान मे शानदार विशाल भजन एव प्रवचन का आयोजन नागदा के श्री राघवेन्द्र वल्लभ व्यास गुरूजी के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। उक्त आयोजन जय जय सियाराम बाबा स्मृति मंदिर सतोष कुटी के प्रागम हाल मे सम्पन्न हुआ जिसमें नगर के कई सामाजिक ग्रुप, मातृशक्ति सहित पुरूष बच्चो ने हिस्सा लेकर उत्सव का आनन्द लिया। कार्यक्रम के पूर्व श्री गुरूजी एवं अतिथियों द्वारा प्रभु के श्रीचरणो में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात् सुमधुर गायको द्वारा श्री गणेश वंदना से कार्यक्रम को गति प्रदान की। कार्यक्रम के अंतर्गत गुरूजी के करकमलो से सामाजिक संस्था मातृशक्ति गणमान्य नागरिक, मीडिया बन्धु, लाभार्थी परिवार का सम्मान भी किया गया।

# कलेक्टर श्री वानखेड़े साईकिल से पहुंचे दफ्तर

**साईकिल चलाना अच्छे स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं समाज के लिए है जरूरी»»बढ़ते वायु प्रदूषण को कम करने अधिक से अधिक साइकिल का उपयोग करें**



**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर कैलाश वानखेड़े बुधवार को अपने दफ्तर साईकिल से पहुंचें। उन्होंने अपने निवास से कलेक्टर कार्यालय तक साईकिल चलाकर युवा पीढ़ी को साईकिल का अधिकाधिक उपयोग कर स्वस्थ्य, फिट रहने तथा पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय सहभागिता करने का संदेश दिया।

कलेक्टर ने इस दौरान अपने संदेश में कहा कि आज के युग में वाहनों के से निकलने वाले धुएँ से पर्यावरण एवं वायू प्रदूषित हो रही है, उसे कम करने में हमसभी जितनी सक्रिय सहभागिता कर सकते है, वह करें। उन्होंने कहा कि साईकिल चलाना स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं समाज के दृष्टिकोण से बेहद जरूरी है। साईकिल चलाते वक्त मोबाईल का उपयोग नहीं कर सकते है, जिससे वाहन चलाने के दौरान मोबाईल के उपयोग से होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सकता। कलेक्टर ने कहा कि जनमानस में साईकिल के उपयोग के लिए जन-जागृति लाने हेतु साईकिल यात्रा भी जिले में निकाली जाएगी।

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

**भगोरिया उत्सव के सम्बंध में समन्वय से कानून व्यवस्था»» बैठक में गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों, राजनीति संगठनों, धार्मिक संगठनों की भागीदारी रही**



**झाबुआ /माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी भगोरिया उत्सव को देखते हुए जिला स्तर पर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं जिला स्तरीय शांति समिति की सयक्तु बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह के द्वारा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अगम जैन, अपर कलेक्टर एस.एस. मुजाल्दा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पी. एल. कुर्वे, एसडीएम पेटलावद अनिल कुमार राठौर, एसडीएम झाबुआ सुनिल कुमार झा, एसडीएम थांदला तरूण जैन, एसडीएम मेघनगर श्रीमती अकिंता प्रजापति, एसडीओपी पेटलावद, थांदला, झाबुआ एवं समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी, कैथोलिक मिशन से फादर रॉकी शाह, राजपुत समाज से भेरूसिंह सोलंकी, जिला स्तरीय एनजीओ के संयोजक मनोज अरोरा, रमेश भटेवरा हरिनगर, संजय अग्रवाल रानापुर, बोरा समाज से नुरूद्दिन भाई पिटोलवाला, मुस्लिम पंचायत से अब्दुल मजीद शेख, व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजय काठी, भाजपा महामंत्री सोमसिंह सोलंकी, दिपेश (बबलु) शकलेजा, रविन्द्र भाट, अशोक शर्मा, सामाजिक महासंघ हरिश शाह लाला, यातायात प्रभारी बामनिया, मुजम्मिल खान, नोमान खान, कांग्रेस से जितेन्द्र शाह एवं अन्य गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित थे।

बैठक में श्रीमती सिंह ने कहा कि आगामी दिवस में भगोरिया उत्सव पूर्णतः शान्ति एवं उल्लास से मनाये जाने के लिये बेहतर कानून व्यवस्था की गई है। नशे का सेवन करके उत्पात करने वालो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश जारी किये गये है एवं पुलिस के द्वारा कानून व्यवस्था के लिये निरन्तर पेट्रोलिग कर सघन जॉच के निर्देश दिये गये है। पुलिस प्रशासन, स्थानिय प्रशासन के द्वारा माकुल व्यवस्था कि गई है, साथ ही आप सभी से भी हम आशा करते है कि आगामी भगोरिया उत्सव में आप भी सहयोग करेगे। जिससे हमारे जिले का सांस्कृतिक पर्व अधिक गौरवशाली एवं वैभवशाली तरीके से मनाया जा सके। आपस में समन्वय से काम करे। हर एक घटना की गंभीरता से लेकर पुलिस प्रशासन को सुचना दे। नगरपालिका एवं जहॉ भगोरिया आयोजित होगे कैमरे से सतत् निगरानी की जायेगी। आप के प्रतिष्ठानों के कैमरे भी दुकान के सामने की तरफ करे जिससे अपराधी तत्व का चिन्हाकंन हो सके।

पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने कहा कि भगोरिया उत्सव पर जो गैर निकलेगी आपस में समन्वय करे। भगोरिया के दौरान किसी भी प्रकार की छेडखानी एवं अपराधिक तत्वों की निगरानी करे एवं तत्काल पुलिस को सुचना देना सुनिश्चित् करे। इसके अतिरिक्त शासकीय कैमरो के अलावा स्थानिय लोगो के कैमरों का भी भगोरिया के दौरान घटना की मानिटरिंग करे। भगोरिये से लौटते समय ग्रामीणों के आपस में होने वाले झगडो की सतर्कता से सज्ञान में लाकर सुचना दे। अवैध गतिविधियों विशेष ध्यान रखा जावे। इस बैठक में गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों, राजनीति संगठनों, धार्मिक संगठनों के द्वारा भी अपने विचार रखे एवं सामंजस्य से आगामी पर्वो को मनाने के लिये सहयोग का आश्वासन दिया।

## कलेक्टर द्वारा हाई स्कुल बोंर्ड परीक्षा में आकस्मिक निरीक्षण



**झाबुआ/माणक लाल जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** हाई स्कूल के 10 वी बोर्ड परीक्षा में आज प्रथम दिन कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह आकस्मिक रूप से रातितलाई हाई स्कूल एवं कन्या हाई स्कूल झाबुआ मे पहुची एवं यहा पर व्यवस्था का जायजा लिया एवं आवश्यक निर्देश दिये गये। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ओपी वनडे ने बताया कि जिले में 52 परीक्षा केन्द्रो पर कुल दर्ज 12 हजार 111 परीक्षार्थियों में 11 हजार 404 परीक्षार्थियों ने अपनी परीक्षा में शामिल हुये एवं 707 छात्र- छात्राएं अनुपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार झाबुआ आशिष राठौर, थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह गाडरिया उपस्थित थे।

## कलेक्टर ढेकल बड़ी के भगोरिया उत्सव में शामिल हुई

**ग्रामीणों में भगोरिया उत्सव के काफी उत्साह देखा गया**



**झाबुआ /माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह झाबुआ जनपद के ग्राम ढेकलबड़ी के भगोरिये में शामिल हुई, यहां पर प्रशासनिक एवं पुलिस व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर तहसीलदार श्री आशीष राठौर, थाना प्रभारी सुरेन्द्र गाडरिया आादि उपस्थित थे। भगोरिया में बड़ी संख्या में झुले चकरी, एवं खाद्य एवं जनरल सामाग्री की बड़ी संख्या में दुकाने सजी थी। ग्रामीणों में भगोरिया उत्सव के काफी उत्साह देखा गया।

## थाना सुसनेर में हुई शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**सुसनेर-दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी त्योहार होली, रंगपंचमी एवं शबे बरात आदि की तैयारियों को लेकर स्थानीय सोयतकलां रोड़ पर स्थित पुलिस थाना सुसनेर में बुधवार शाम 5 बजे शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में आगामी त्यौहार शांति पूर्ण तरीके से मनाने सहित मुख्य बाजार एवं सब्जी मंडी को व्यवस्थित तरीके से लगाने एवं आवागमन को सुगम बनाने के सम्बंध में भी बैठक में चर्चा एवं सुझाव जनप्रतिनिधियों द्वारा दिये गए। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल सिसोदिया, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर धीरेंद्र पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष सजनसिंह कलारिया, मार्केटिंग अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह कांवल, लोकतंत्र सेनानी संघ जिला उपाध्यक्ष गोवर्धन शुक्ला, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष दिलीप जैन, सामाजिक कार्यकर्ता विष्णु भावसार,सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया,भाजपा मंडल महामंत्री पवन शर्मा,पार्षद प्रतिनिधि युगलकिशोर परमार,पूर्व पार्षद फ़क़ीरमोहम्मद खान, पत्रकार एंव सामाजिक कार्यकर्ता गिरिराज बंजारिया,थाना प्रभारी विजय सागरीया,राजस्व निरीक्षक गोरीशंकर शर्मा,कस्बा पटवारी गोवर्धन शर्मा,एमपीईबी प्रभारी दिग्विजय दांगी, नगर परिषद राजस्व निरीक्षक रामेश्वर माली सहित शांति समिति के सदस्य,गणमान्य नागरिक एंव थाना स्टॉफ उपस्थित था।

## एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन



**सुसनेर-दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम पंचायत छापरिया में कार्यक्रम अधिकारी, सहायक प्राध्यापक रमेश जमरा के नेतृत्व में स्वच्छता, स्वास्थ्य, नशा मुक्ति, ऊर्जा संरक्षण तथा शासन की योजना विषय की थीम पर 22 फरवरी से आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का 28 फ़रवरी मंगलवार को संस्था प्राचार्य डॉ जी सी गुप्ता की अध्यक्षता तथा ग्राम पंचायत छापरिया के लोकप्रिय सरपंच नारायण बगड़ावत के मुख्य आतिथ्य में समापन हुआ। जिनका आत्मीय स्वागत एनएसएस बैज लगाकर किया गया। स्वागत गीत ज्योति सिंहमार, एनएसएस गीत नारायण मेवाड़ा ने प्रस्तुत किया। सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रतिवेदन दल नायक रोहित सुजान सिंह गुर्जर ने प्रस्तुत किया। अतिथियों के प्रेरणा दायक उद्बोधन पश्चात शिविरार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान स्वयं सेवको ने शिविर के अनुभव साझा किए।

# ब्राह्मण समाज द्वारा प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र अग्निहोत्री का स्वागत किया



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ब्राह्मण समाज द्वारा बड़ी चौपाटी स्थित गोकुलधाम सोसाइटी में एक आयोजन रखा जिसमें प्रेस क्लब के नवनियुक्त अध्यक्ष धर्मेंद्र अग्निहोत्री का समाज जनों ने पुष्पमाला पहनाकर कर स्वागत किया गया। महिला मंडल की अध्यक्ष एवं विप्र नारी संगठन द्वारा भी पुष्प गुच्छ बैठ कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज के लिए यह गौरवशाली क्षण है छोटे से गांव घटगारा से निकलकर बदनावर में पत्रकारिता के माध्यम से अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले धर्मेंद्र अग्निहोत्री का सम्मान करके ब्राह्मण समाज बड़ा ही खुश हैं। 8 साल पूर्व की बात बताते हुए पंकज शर्मा ने कहा कि जब अग्निहोत्री ने पत्रकारिता की शुरुआत की थी तब मुझसै लगातार बात होती रहती थी। किसी के विरोध मै खबर लिखने पर कई बार डराया धमकाया जाता था । पर बिना डरे लगातार सच्ची खबर प्रकाशित करने पर आज उनकी पहचान एक निर्भीक एवं सच्चे पत्रकार के रूप में हो गई है। आज अग्निहोत्री निर्भीक होकर सर्व समाज कै हित में लगातार सच्ची खबरें प्रकाशित करते हैं जिससे भ्रष्ट अधिकारीयो मै भी भय हैं।

इस मौके पर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, पुर्व अध्यक्ष, पंकज शर्मा, प्रजेंद्र भट्ट, रमेशचंद्र अग्निहोत्री, पंकज पंड्या, प्रदीप पांडे, पूर्व सीएमओ सुरेशचंद्र त्रिवेदी, अमित पंडित,भेरूलाल शर्मा, भूपेंद्र शर्मा, नितिन शर्मा, विनोद शर्मा, पार्षद जितेंद्र शर्मा यतेंद्र शर्मा, मुकेश पाठक, अरुण तारे, गिरधारी लाल शर्मा, अशोक शर्मा, राजेश लिटोरिया, एमपी भारद्वाज, धनंजय उपाध्याय, कपिल परसाई, महिला मंडल अध्यक्ष प्रियंका शर्मा, सीमा रावल, वंदना शर्मा, स्मिता शर्मा, जयश्री भट्ट, दीपा शर्मा, मंजु ओझा, नेहा शर्मा, शर्मिला शर्मा, शिवानी अग्निहोत्री, मंजू लिटोरिया, रेखा शर्मा, जागृति शर्मा, जया शर्मा, आदि उपस्थित थे।

## पेंशनर संघ तहसील शाखा बदनावर की मासिक बैठक आज

**बदनावर/दैनिक मालवा हरेराल्ड।** पेंशनर संघ तहसील शाखा बदनावर की मासिक बैठक आज दिनांक 01-03-2023 को मुंबई माता मंदिर में संघ अध्यक्ष महेन्द्रसिंह चंद्रावत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में ओमप्रकाश बुधौलिया को पुनः प्रांत अध्यक्ष बनने तथा भैरुसिंह बारोड को पुनः जिला अध्यक्ष नियुक्त किया जाने से बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए अध्यक्ष द्वय को बधाई प्रेषित की गई। बैठक में संघ के वरिष्ठ सदस्य श्री सौभाग सिंह डोडिया द्वारा राशि 5000 रुपए माइक सेट क्रय करने हेतु दिए जाने की घोषणा की गई जिसका सभी सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया 6 पेंशनर संघ के सदस्य भगवान जी शर्मा बड़ी चौपाटी बदनावर का विगत दिनों देहांत हो जाने से 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई 8 बैठक में पूर्व अध्यक्ष बालूसिंह पँवार, मनोहर लाल धोडपकर, राजेंद्रसिंह राठौर, मांगूसिंह पँवार, शोभागसिंह डोडिया, अशोक उपाध्याय, श्यामलाल शर्मा, टीकमसिंह पुरोहित, रमेशचंद्र माथुर, मनोहर मेहरूनकर, कन्हैयालाल जालवार, पन्नालाल पाटीदार, रामचंद्र वर्मा, जगदीश सोलंकी, श्यामलाल शर्मा, राजेश्वर त्रिवेदी, आदि सदस्य उपस्थित थे।

## महाविद्यालय में विज्ञान सप्ताह के अंतर्गत आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं



**सुसनेर-दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर में विज्ञान सप्ताह 2023 के अंतर्गत भारत सरकार के राष्ट्रीय विज्ञान व प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता उन्नयन प्रकोष्ठ द्वारा प्राचार्य डॉ जी सी गुप्ता के निर्देशन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2023 का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत 28 फरवरी मंगलवार को ग्लोबल साइंस फॉर ग्लोबल वेल बीइंग विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें शीतल बंसिया प्रथम, प्रतिज्ञा पाटीदार द्वितीय तथा सपना पाटीदार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। व 1 मार्च बुधवार को पोस्टर निर्माण एवं प्रस्तुतीकरण तथा विशेषज्ञ व्याख्यान संपन्न हुआ। पोस्टर निर्माण एवं प्रस्तुतीकरण में प्रथम गरिमा अंजोरिया,द्वितीय स्वानिक्षी जैन,तृतीय स्थान सलोनी विश्वकर्मा ने प्राप्त किया। जिन्हें प्राचार्य द्वारा नगद राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका श्रीमती आरती नागर ने निभाई। विशेषज्ञ व्याख्यान सहायक प्राध्यापक वनस्पति विज्ञान,सुश्री आकांक्षा श्रीवास्तव द्वारा दिया गया। उक्त सभी विधाओं के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र डॉ आर व्ही गुप्ता व राम कुमार अंजोरिया ने वितरित किए। कार्यक्रम का सफल संचालन राजकमल नर्गेश व डॉ कमल जटिया ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों सहित स्टॉफ सदस्य काशीराम प्रजापति,डॉ रेखा चंद्रपाल,सीमा मुवेल,मुकेश दांगी, मनोज दुबे उपस्थित रहे। उक्त सभी कार्यक्रम सहायक प्राध्यापक आदिश कुमार जैन के संयोजन में सफलतापूर्वक संपन्न हुए। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी रमेश जमरा ने दी।

## पार्षद एंव प्रतिनिधि शर्मा ने जगन्नाथ पुरि की यात्रा कर लोटने वालों का किया स्वागत



**सुसनेर-दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर परिषद सुसनेर के द्वारा 15 यात्रियों का जत्था 23 फरवरी को सुबह 8 बजे रवाना किया गया था। जिसमें से 5 यात्री वार्ड 12 के थे। वापस सकुशल जगन्नाथ पुरि की यात्रा से लोटने पर वार्ड 12 के 5 यात्री जगन्नाथ मेघवाल,सम्पत बाई मेघवाल,आत्माराम कारपेंटर,लीलाबाई कारपेंटर,सुरज सिंह राणा आदि का स्वागत घर पर पहुंचकर वार्ड 12 की पार्षद श्रीमती मीना शर्मा एंव प्रतिनिधि पवन शर्मा के द्वारा हार फुल माला पहनाकर किया गया।

## खाटू श्याम के दर्शन के लिए दर्शनार्थी हुए रवाना



**सुसनेर-दैनिक मालवा हेराल्ड।** बुधवार शाम 7 बजे स्थानीय न्यू बस स्टैंड सुसनेर से श्री खाटू श्याम के दर्शन के दर्शनार्थियों का एक जथ्था रवाना हुआ। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता विष्णु भावसार,भाजपा महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष आशा भावसार,आदित्य भावसार,भरत भावसार,ऋषि भावसार,तरुण भावसार आदि ने बस की पूजा कर जय श्री श्याम के जयकारे कर बस को रवाना किया।

## सम्पादकीय

# हौसले की उड़ान

**तमाम दिव्यांगताओं के बावजूद पढ़ाई के लिए गुरदीप की ललक को देखते हुए शिक्षा विभाग ने तय किया है कि परीक्षा के दौरान उसे एक सहायक लेखक मुहैया कराया जाएगा, जो संकेत भाषा का जानकार होगा, ताकि उसके उत्तर को उत्तर पुस्तिका में दर्ज किया जा सके।**

**मध्यप्रदेश बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में वैसे तो हजारों विद्यार्थी बैठेंगे, लेकिन एक इनमें सबसे खास है गुरदीप कौर वासु। इंदौर की रहने वाली बत्तीस साल की गुरदीप मूक, बधिर और नेत्रहीन है। वह किसी के हाथों और अंगुलियों को दबा कर उससे संकेतों की भाषा में बात करती है। इसी तरह वह परीक्षा में भी प्रश्नों के उत्तर देगी। गुरदीप कुछ बनना चाहती है और इसके लिए पढ़ना चाहती है।**

**दिव्यांगों के लिए काम करने वाली शहर की एक गैरसरकारी संस्था ने उसकी मदद की और विशेष कक्षाएं लेकर उसे परीक्षा के लिए तैयार किया। माना जा रहा है कि मध्यप्रदेश में यह अब तक का पहला मामला है, जिसमें देखने, सुनने और बोलने में अक्षम कोई उम्मीदवार परीक्षा में बैठेगा।**

**तमाम दिव्यांगताओं के बावजूद पढ़ाई के लिए गुरदीप की ललक को देखते हुए शिक्षा विभाग ने तय किया है कि परीक्षा के दौरान उसे एक सहायक लेखक मुहैया कराया जाएगा, जो संकेत भाषा का जानकार होगा, ताकि उसके उत्तर को उत्तर पुस्तिका में दर्ज किया जा सके।**

**बोलने, सुनने और देखने में असमर्थ, बावजूद इसके 10वीं का एग्जाम देंगी गुरदीप कौर वासु, रचेंगी इतिहास**

**मध्यप्रदेश शिक्षा बोर्ड और इंदौर के गैरसरकारी संगठन के प्रयास सराहनीय हैं। प्रयास यह होना चाहिए कि सिर्फ गुरदीप नहीं, बल्कि दिव्यांगता से पीड़ित जितने भी बच्चे हैं, उन्हें शिक्षित कर रोजगार के लायक बनाया जाए। सरकारी स्तर पर दिव्यांगों के लिए इक्का-दुक्का संस्थानों को छोड़ कर कुछ नहीं दिखता, जबकि देश में दो करोड़ अड़सठ लाख लोग किसी न किसी तरह की दिव्यांगता से पीड़ित हैं।**

**इसमें भी एक करोड़ अठारह लाख महिलाएं हैं और देश में लैंगिक समानता की जो स्थिति है, उसमें समझा जा सकता है कि परिस्थितियां इनके लिए कितनी विषम होंगी। एक समाज के रूप में हम दिव्यांगों के प्रति कितने संवेदनशील हैं, वह आम बोलचाल में दिव्यांगता को लेकर इस्तेमाल किए जाने वाले शब्दों से समझा जा सकता है।**

**प्रोत्साहन के तौर पर इन्हें स्कूली संस्थानों में दाखिले में आरक्षण, और रेलवे के टिकटों में रियायत जैसी चीजें दी जाती हैं, लेकिन इसके लिए भी उन्हें सभी जगह दिव्यांगता का प्रमाणपत्र दिखाना होता है। दिव्यांगता से पीड़ित लोगों का जीवन इन चंद रियायतों से आसान नहीं होने वाला। जरूरत है कुछ ऐसा करने की, जिससे उनका सशक्तिकरण हो सके।**

**यानी रोजगार के लायक बनाने लायक शिक्षा। गुरदीप को फिर भी भाग्यशाली माना जा सकता है कि उसे एक गैरसरकारी संगठन की मदद मिल गई, पर न जाने कितनी गुरदीप ऐसी होंगी, जिनके सपनों को पंख नहीं मिल पाए होंगे।**

**गुरदीप के हौसले बताते हैं कि जिजीविषा और जीवट में इतनी शक्ति है कि वह बड़ी से बड़ी बाधाओं से भी पार पा सकती है। यह उसी बात को रेखांकित करता है कि प्रतिकूल स्थितियां हमारी मजबूतियों और आंतरिक शक्ति को सामने लाती हैं। यह एक सबक है उन छात्रों के लिए, जो एक प्रयास में अनुत्तीर्ण हो जाने पर, कम अंक आने या डाक्टरी, इंजीनियरिंग जैसे मनपसंद पाठ्यक्रम में दाखिला न मिलने पर आत्महत्या जैसा रास्ता चुन लेते हैं।**

**हताशा से उबर कर, नए सिरे से, नई उर्जा के साथ लक्ष्य को हासिल करने के प्रयासों को ही जिजीविषा कहते हैं। जीवन में अगर कुछ भी नहीं हो तो उसमें राग और आकर्षण पैदा करने की कला सीखनी होगी। फिर इच्छाशक्ति के सहारे तमाम बाधाएं पार की जा सकती हैं। संसार ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है, जब तमाम विपरीत परिस्थितियों और शारीरिक अक्षमताओं के बावजूद लोगों ने महान उपलब्धियां हासिल की हैं।**

## ब्रह्मचैतन्य द्वारा सृष्टि के सारे कार्य निर्देशित होते हैं, मानव मात्र अभिनेता है।



भारतीय संस्कृति, आध्यात्म, ज्ञान सभी में सत्य की अत्यंत महत्ता बताई गई है। श्री माताजी भी सदैव ही सभी को सत्य के साधक कह कर संबोधित किया करती थीं।सत्य अर्थात, किसी भी परिस्थिति, समय या स्थान के प्रभाव से अछूता कभी भी परिवर्तित न होने वाला तथ्य। सहजयोग भी सत्य स्वरूप है और हमें सत्यनिष्ठ होना है। जो कुछ असत्य अर्थात् परिवर्तनशील है उसे छोड़ना है, कभी कभी असत्य का छोड़ना बड़ा कठिन हो जाता है क्योंकि बहुत दिन तक हम किसी असत्य के साथ जीते रहते हैं, फिर असत्य को छोड़ना बड़ा मुश्किल है, क्योंकि संपूर्ण संसार ही असत्य है। अतः हमें संसार को भोगते हुए ही संसार से मुक्ति पानी है। इसके लिए हमें आत्मज्ञान को प्राप्त कर साक्षी भाव का विकास करना होगा। एक निश्चय कर लेना चाहिए कि जो भी सत्य होगा उसे हम स्वीकार करेंगे, इस निश्चय से ही आपको आश्चर्य होगा कि कुण्डलिनी स्वयं जो कि जागृत हो गयी है, इस कार्य को करेगी ।

इस परम चैतन्य ने सारी सृष्टि की रचना की है, कुंडलिनी जागरण द्वारा हम उसी परम चैतन्य से एकाकारिता प्राप्त कर लेते हैं और उस परम चैतन्य का ही ये कार्य है कि वो हमारे सारे कार्य करे, सो हम कुछ भी नहीं कर रहे हैं, हम तो अकर्म में खड़े हैं, जब हमारा संबंध परमात्मा की सर्व व्यापक शक्ति यानि परम चैतन्य से हो जाता है तो हमें कोई फिक्र करने की जरूरत नहीं है, सारी चिन्ता वही करते हैं 7 परम चैतन्य ही सारे कार्य करते हैं, उसको स्वीकार करना चाहिए कि परम चैतन्य के सभी निर्णय, सभी कार्य हमारे हित में ही है।

सहजयोग अत्यंत सहज व पूर्णतया निःशुल्क ध्यान पद्धति है। उपरोक्त बताई गई संक्षिप्त जानकारी का विस्तृत अध्ययन करने के लिए यदि साधक कोई भी प्रश्न अपने मन में रखता है तो वह हमारे टोल फ्री नंबर 18002700800 पर कॉल कर सकते हैं या वेबसाइट sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं।

# होलाष्टक के 8 दिनों में करें ये 8 कार्य तो होंगे बहुत ही फायदे

## शास्त्रों की बात, जानें धर्म के साथ

फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी से लेकर पूर्णिमा ?तिथि तक होलाष्टक माना जाता है। होलाष्टक होली दहन से पहले के 8 दिनों को कहा जाता है। कहते हैं कि इन 8 दिनों में प्रहलाद को उनके पिता हिरण्यकश्यप ने कई तरह के त्रास दिए थे। उसके बाद 8वें दिन होलिका के साथ उसे आग में बैठा दिया था। प्रभु की कृपा से होलिका तो जल गई परंतु भक्त प्रहलाद बच गए। यही कारण है कि इन आठ दिनों में कोई भी मांगलिक कार्यों को करना निषेध होता है। इस समय मांगलिक कार्य करना अशुभ माना जाता है। परंतु इन दिनों में 8 कार्य करके आप फायदा उठा सकते हैं।

होलाष्टक के प्रारंभ होने वाले दिन एक स्थान पर दो डांडे स्थापित किए जाते हैं। जिनमें से एक डांडा होलिका का प्रतीक तो दूसरा डंडा प्रहलाद का प्रतीक माना जाता है। इसके बाद इन डांडों को गंगाजल से शुद्ध करके के बाद इन डांडों के आसपास गोबर के उपले, लकड़ियां, घास और जलाने वाली अन्य चीजें इकट्ठा की जाती है और इन्हें धीरे-धीरे बड़ा किया जाता है और अंत में होलिका दहन वाले दिन इसे जला दिया जाता है।

1. होलाष्टक में पूजा-पाठ करने और भगवान का स्मरण भजन करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि होलाष्टक में कुछ विशेष उपाय करने से कई प्रकार के लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं।
2. होलाष्टक के दौरान श्रीसूक्त व मंगल ऋण मोचन स्त्रोत का पाठ करना चाहिए जिससे आर्थिक संकट समाप्त होकर कर्ज मुक्ति मिलती है।
3. इस दौरान भगवान नृसिंह और हनुमानजी की पूजा का भी महत्व है। दोनों की पूजा करने से जीवन में यदि कोई संकट चल रहा हो तो वह दूर हो जाता है।
4. होलाष्टक के दौरान श्रीकृ?ण की पूरे समय उपासना की जाती है। इस दौरान लड्डू गोपाल का पूजन कर संतान गोपाल मंत्र का जाप या गोपाल सहस्त्र नाम पाठ करवा कर अंत में शुद्ध घी व मिश्री से हवन करेंगे तो शीघ्र संतान प्राप्ति होती है।
5. आप इस दौरान व्रत, दान-पुण्य भी कर सकते हैं। होलाष्टक के दौरान किए गए व्रत और दिए गए दान से जीवन के कष्टों से मुक्ति मिलती है।
6. रोग से बचने के लिए योग्य वैदिक ब्राह्मण द्वारा शिव पूवा और महामृत्युंजय मंत्र का अनुष्ठान प्रारम्भ करवाएं, बाद में हवन करें।
7. विजय प्राप्ति हेतु आदित्यहृदय स्त्रोत, सुंदरकांड का पाठ या बगलामुखी मंत्र का जाप करें।
8. परिवार की समृद्धि हेतु रामरक्षास्तोत्र, हनुमान चालीसा व विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।

## होलाष्टक में करें ये आसान उपाय, धन-संपत्ति में होगी वृद्धि नहीं सताएंगे कष्ट

इस बार होलिका दहन 7 मार्च, मंगलवार यानी आठ दिन पहले 27 फरवरी,सोमवार तिथि अष्टमी से होलाष्टक लग जाएंगे।

भक्ति की शक्ति का त्योहार होली से ठीक आठ दिन पहले होलाष्टक शुरू हो जाते हैं और होलिका दहन के दिन तक चलते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार इन आठ दिनों में कोई भी मांगलिक कार्यक्रम जैसे शादी, ब्याह, मुंडन, गृह प्रवेश आदि निषेध माने जाते हैं। इस बार होलिका दहन 7 मार्च, मंगलवार यानी आठ दिन पहले 27 फरवरी,सोमवार तिथि अष्टमी से होलाष्टक लग जाएंगे।

ज्योतिष मान्यता के अनुसार होलाष्टक के दिनों में वातावरण में नकारात्मकता का प्रभाव रहता है। अष्टमी तिथि को चन्द्रमा,नवमी को सूर्य, दशमी को शनि, एकादशी को शुक्र, द्वादशी को गुरु, त्रयोदशी को बुध,चतुर्दशी को मंगल और पूर्णिमा को राहु उग्र अवस्था में रहते हैं। जिस कारण ग्रहों की ऊर्जा काफी नकारात्मक रहती है। इसका प्रभाव व्यक्ति के स्वभाव पर भी पड़ता है। इसलिए मान्यता है कि अगर इन दिनों में कोई शुभ काम किया जाता है तो उसका शुभ फल प्राप्त नहीं हो पाता।

होलाष्टक के दौरान नकारात्मक ऊर्जाओं के प्रभाव से बचने व सेहत और धन आदि परेशानियों को दूर करने के लिए कुछ सरल उपाय बताए गए हैं

होलाष्टक के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के बालरूप या उनके अन्य स्वरूपों की फल-फूल, गुलाल, धूप-दीप से पूजा करना चाहिए और उनके मंत्रों का जाप करना चाहिए इससे आपको सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होगी, दांपत्य जीवन में खुशहाली आएगी।

इस दौरान सभी ग्रह उग्र अवस्था में रहते हैं इसलिए इन दिनों में भगवान शिव की उपासना करने से नवग्रह शांत होते हैं। होलाष्टक में महामृत्युंजय मंत्र का जाप करने से हर तरह के रोग से छुटकारा मिलता है और सेहत अच्छी रहती है। इसके साथ-साथ ही बेलपत्र पर चंदन से राम का नाम लिखें और शिवलिंग पर *? नमः शिवाय मंत्र का जाप करते हुए अर्पित करें। ऐसा करने से जीवन में सकारात्मक बदलाब आएगा।

होलाष्टक के दौरान नित्यप्रति स्नान करके भगवान विष्णु के नृसिंह अवतार की पूजा और स्मरण करने से आपके जीवन में आ रही बड़ी से बड़ी समस्याओं से मुक्ति मिल जाती है।

होलाष्टकों को व्रत,पूजन और हवन की दृष्टि से अच्छा समय माना गया है। इन दिनों में किए गए दान से जीवन के कष्टों से मुक्ति मिलती है।

होलाष्टक के दौरान हनुमान चालीसा का नियमित पाठ करने से शारीरिक और मानसिक व्याधाएं दूर होती हैं।

बहुत मेहनत करने के बाद भी आप आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं तो होलाष्टक के दिनों में माता लक्ष्मी की पूजा करने के बाद श्रीसूक्त का पाठ करें, इस उपाय को करने से माता लक्ष्मी की विशेष कृपा बरसती है,धन का आगमन होता है।

होलाष्टक में नकारात्मक ऊर्जाएं हावी हो जाती हैं,इसलिए इनसे बचने के लिए होलाष्टक के पहले दिन घर के मुख्य दरवाजे के दोनों तरफ हल्दी या सिन्दूर से स्वास्तिक बनाएं।

2 मार्च 2023, गुरुवार -12 राशियों के लिए क्या खास लेकर आया है आज का दिन, पढ़ें अपना राशिफल

**मेष राशि**

**आज का भविष्य-** वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास?थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा।

**उपाय-आज आदित्यहृदयस्त्रोत से अपना खोया सम्मान पाएं।**

**शुभ अंक-2**
**शुभ रंग-लाल**

धर्म



पं. सतीश नागर
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

**वृषभ राशि**

**आज का भविष्य** - पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। मनोरंजन का समय मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। कारोबारी वृद्धि की योजना बनेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। समय की अनुकूलता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी से कोई भी कार्य न करें। विवाद में न पड़ें।

**उपाय-आज गुरु देव की पूजा करेंगें तो लाभ मिलेगा।**

**शुभ अंक-9**
**शुभ रंग-क्रीम**

**मिथुन राशि**

**आज का भविष्य** -बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। बाहर जाने की योजना बनेगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ समय मनोरंजन में व्यतीत होगा। आय होगी। व्यापार ठीक चलेगा।

**उपायजातक आज पीपल के वृक्ष की परिक्रमा और 11 दीप जलाएं।**

**शुभ अंक-4**
**शुभ रंग-लाल**

**कर्क राशि**

**आज का भविष्य** - थकान व कमजोरी रह सकती है। खान-पान पर ध्यान दें। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों की सहायता करने का मौका मिलेगा। समय अच्छा व्यतीत होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**उपाय-आज जातक ईष्टदेव के ध्यान से काम करें, लाभ मिलेगा।**

**शुभ अंक-7**
**शुभ रंग-लाल**

**सिंह राशि**

**आज का भविष्य** - विवाद को बढ़ावा न दें। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बनेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। कोई बड़ा कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। कुसंगति से दूर रहें। हानि संभव है।

**उपाय-जातक केले के पेड़ में दीप जलाएं**

**शुभ अंक-9**
**शुभ रंग-हरा**

**कन्या राशि**

**आज का भविष्य**-उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जल्दबाजी न करें।

**उपायआज जातक ईष्टदेव के ध्यान से काम करें, लाभ मिलेगा।**

**शुभ अंक-7**
**शुभ रंग-लाल**

**तुला राशि**

**आज का भविष्य** -स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। तनाव रहेगा। व्यापार ठीक चलेगा। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी मनोरंजक कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं।

**उपायजातक आज गुरूवार का व्रत रखें लाभ मिलेगा।**

**शुभ अंक-1**
**शुभ रंग-लाल**

**वृश्चिक राशि**

**आज का भविष्य-** दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। यात्रा मनोरंजक रहेगी। सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। व्यापार ठीक चलेगा। परिवार के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**उपाय-जातक आज बजरंगबाण का नित्य पाठ लाभ देगा।**

**शुभ अंक-4**
**शुभ रंग-सफेद**

**धनु राशि**

**आज का भविष्य**-लेन-देन में जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है। कोई आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। नवीन आभूषण पर व्यय होगा। मित्रों के साथ समय मनोरंजक बीतेगा।

**उपाय-जातक विष्णु भगवान की पूजा और व्रत करें।**

**शुभ अंक-4**
**शुभ रंग-हरा**

**मकर राशि**

**आज का भविष्य**-वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। परिवार के साथ रहने का अवसर प्राप्त होगा। लाभ होगा।

**उपाय-जातक लाल हरे रंग का वस्त्र धारण करें।**

**शुभ अंक-7**
**शुभ रंग-लाल**

**कुंभ राशि**

**आज का भविष्य**-मित्रों तथा रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मनोरंजन होगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी व लापरवाही भारी पड़ सकती है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। हल्की हंसी-मजाक न करें। विवाद हो सकता है। किसी व्यक्ति की नाराजी से मन खराब होगा।

**उपाय-आज जातककाले रंग के कपड़ों से दूरी रखें।**

**शुभ अंक-3**
**शुभ रंग-नीला**

**मीन राशि**

**आज का भविष्य**-बुद्धि का प्रयोग किसी भी समस्या का निवारण कर सकता है, यह याद रखें। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मित्रों का सहयोग व साथ मिलेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यापार ठीक चलेगा। समय सुखमय व्यतीत होगा।

**उपायआज विष्णु भगवान की पूजा करें**

**शुभ अंक-5**
**शुभ रंग-पीला**

**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।**

*भवनानी के व्यंग्यात्मक भाव*

## *रोब ज़मानें कहता हूं साहब की केबिन में हूं*

*घर के बहुत अर्जेंट काम रहते हैं*
*रिश्तेदारी में भी आनाजाना लगा रहता है*
*हम सब हमाम में वो हैं सेटिंग चलती है*
*रोब जमानें कहता हूं साहब की केबिन में हूं*

*शासकीय कर्मचारी हूं निजी काम बहुत रहते हैं*
*चालू ऑफिस में छुट्टी करता हूं सेटिंग है*
*मशीन में अंगूठा भी लगता है डिजिटल है*
*अब्सेंट रहता हूं पर हाजरी लगती है*

*टेबल पर जानबूझकर फाइलें फैला देता हूं*
*बाजू वाला बोल देता है बाबू राउंडपर हैं*
*साहब भी कहता है मैं कर्तव्यवादी कर्मचारी हूं*
*रोब जमानें कहता हूं साहब की केबिन में हूं*

*मैं अकेला नहीं सब करतेहैं सेटिंग चलती है*
*साहब खुद भी करते हैं झूठे राउंड चलते हैं*
*किसी को पता नहीं चलता सब समझते हैं*
*रोब जमानें कहता हूं साहब की केबिन में हूं*

*सरप्राइस चेकिंग में टांग भी फंसती है*
*फ़िर भी धीरे से सेटिंग होती है*
*जनता को दिखाने बोगस केस होते हैं*
*रोब जमानें कहता हूं साहब की केबिन में हूं*

***- एडवोकेट किशन सनमुख़दास भावनानी***

**संजीव-नी।**

## सच दूर से लौटकर आ जाते हम।

*सच दूर से लौटकर आ जाते हम,*
*दिल से एक आवाज लगाई तो होती,*

*बहुत दूर नहीं थोड़े फासले में था मैं,*
*थोड़ी ही सही वफा दिखाई तो होती,*

*रफ्ता रफ्ता वक्त गुजर गया हाथों से,*
*कुछ दिल की सदा हमें सुनाई तो देती।*

*गुजारिश है लौट आओ तुम्हारे हम कदम हैं हम,*
*काश जुदाई में दोस्ती की गुंजाइश होती ।*

*बमुश्किल तुम्हें खुदा से मांगा था*
*तुमने भी खुदा को सफाई तो दी होती।*

*तैरने के हुनर से वाकिफ होता गर मैं,*
*यह दरिया में न जान डुबाई तो होती।*

*लो हम भी डूब हो जाते हैं उस दरिया में*
*तेरी मोहब्बत में जरा गहराई तो होती ।*

***संजीव ठाकुर***

# अस्तित्वहीन संयुक्त राष्ट्र संघ, बाहुबली अमेरिका सहित नाटो देशों का हिमायती

रूस यूक्रेन युद्ध के 100 दिन गुजर जाने के बाद अरबों रुपए के माल की हानि और लाखों लोग बेघर तथा जान गवाने के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ में नेपथ्य में अपने अस्तित्व की तलाश में घूमता नजर आ रहा है। अमेरिका तथा यूरोपीय देश रूस के खिलाफ खुलकर धन तथा सामरिक अस्त्र शस्त्र लगातार यूक्रेन को प्रदान कर रहे हैं दूसरी तरफ इन्हीं बाहुबली देशों के इशारे पर यूएनओ रूस पर नाना प्रकार के प्रतिबंध लगा चुका हैद्य संयुक्त राष्ट संघ अब अस्तित्वहीन हो चुका है। अभी भी अमेरिका सहित नेटो देश यू,एन,ओ,को अपने स्वार्थ के हिसाब से संचालित करते आ रहे हैं।रूस युक्रेन युद्ध में युद्ध रोकने यू,एन,ओ, रूस के सामने गिड़गिड़ा कर अपील करता रहा, पर रूस के कान में जूं तक नहीं रेंगी उल्टा हमले और तेज कर दिए।यू,एन,ओ, की हामियत प्रायः न्यून होती जा रही है।

वैश्विक शांति सद्भावना और सौहार्द्र के लिए वैश्विक देशों ने एक मत हो कर परमाणु अप्रसार संधि पर 1970 में लगभग विश्व के सारे देशों ने अपनी मुहर लगाई थीद्य विश्व के 191 देशों ने अपनी सहमति जताकर परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर किए थेद्य यह इस परमाणु संधि का मूल् आदर्श यही था कि मानव जाति के लिए हर संभव परमाणु हथियारों और इस खतरनाक तकनीक के प्रचार प्रसार को रोकना थाद्य जिन देशों के पास परमाणु हथियार नहीं थे वह भी इस संधि में शामिल हो गए थे पर परमाणु हथियार संपन्न देश भी इस बात से सहमत हैं कि परमाणु हथियार बनाने एवं इसके उपयोग पर प्रभावी नियंत्रण लगेद्य द्वितीय युद्ध में हिरोशिमा और नागासाकी पर अणु, परमाणु बमों का भयानक परिणाम जापान में पूरी दुनिया के लोग देख चुके थे ,अनुभव कर चुके थे ।जापान इसके दुष्परिणाम अभी तक झेल रहा हैद्य परमाणु हथियारों का उपयोग मानव जाति के खिलाफ ना किया जाए इसके लिए परमाणु अप्रसार संधि की कवायत यूनाइटेड नेशंस ऑर्गेनाइजेशन की गई थीद्य अब जब संयुक्त राष्ट संघ के महासचिव रूस के राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेन्सकी से भेंट कर रूस यूक्रेन युद्ध को रोकने की मध्यस्थता करने रूस के दौरे पर जाएंगे, पर संयुक्त राष्ट संघ शांति स्थापना के देश में कितना सफल होगा यह तो वक्त ही बताएगा । 1945 में संयुक्त राष्ट संघ की स्थापना के बाद अनेक देश परमाणु हथियार संपन्न बन चुके हैं ।परमाणु तथा हाइड्रोजन बमों की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई हैद्य उल्लेखनीय है कि इन संधियों को युद्ध से बचने और शांति स्थापित करने के प्रयास के लिए वैश्विक स्तर पर



संजीव ठाकुर

निर्मित किया गया था ।अब रूस तथा यूक्रेन युद्ध में उसकी कहीं भी कोई भूमिका दिखाई नहीं देती ,सभी संस्थाएं निष्क्रिय प्रतीत होती हैंद्य कमजोर और छोटे देश यूक्रेन पर पिछले 60 दिनों से रूस लगातार आक्रमण कर उसके शहरों को तबाह कर रहा है, संयुक्त राष्ट संघ सहित विश्व के सारे देश हाथ में हाथ धरे बैठे इस भीषण युद्ध को सिर्फ देख रहे हैं। इसे रोकने की किसी ने पहल तक नहीं की है।ऐसे में इन संधियों की प्रासंगिकता भी लगभग शून्य हो चुकी हैद्य यूक्रेन को अपनी उस बड़ी गलती का एहसास हो रहा है जो 1994 में उसने बुडापेस्ट समझौते के तहत परमाणु हथियार नहीं बनाने के लिए वचनबद्ध होकर हस्ताक्षर करके की थीद्य अमेरिका यूरोपीय देश तथा रूस ने यूक्रेन को परमाणु हथियारों से दूर रखने की नीति पर काम किया था, जिसके फलस्वरूप यूक्रेन ने अपने पास मौजूद तमाम परमाणु हथियारों को इस बुढापेस्ट समझौते के तहत 1996 में नष्ट कर दिए थे। यूक्रेन रूस तथा अमेरिका और यूरोपीय देशों के दबाव में 1996 में जेनेवा सम्मेलन में व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि के तहत हस्ताक्षर किए थे। भारत ने इस परमाणु संधि पर हस्ताक्षर करने से साफ इंकार कर दिया था और भारत सरकार की देखा देखी पाकिस्तान ने भी हस्ताक्षर नहीं किए थे। उस समय की यह नीति अत्यंत भेदभाव पूर्ण थी जिसके परिणाम अब साफ नजर आ रहे हैं। यूक्रेन के पास यदि आज परमाणु हथियार होते तो रूस इस तरह उस पर ताबड़तोड़ हमले न करता और रूस ने इस युद्ध में परमाणु हथियारों की उपयोग की धमकी तक दे डाली है यह अलग मुद्दा है कि रूस परमाणु हथियारों का कब और कैसे इस्तेमाल करेगा।

भारत ने पहला परमाणु परीक्षण प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में 1974 में राजस्थान के पोखरण में कराया था और तब से दुनिया ने समझ लिया है कि भारत भी एक परमाणु संपन्न देश बन चुका है एवं इस दिशा में 1998 में अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में फिर से परमाणु परीक्षण कर इस पर मुहर लगा दी गई थी । भारत ने परमाणु हथियार बनाने के साथ-साथ प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने एक नीति विश्व के सामने स्पष्ट कर दी थी कि परमाणु हथियार केवल निरोध के लिए है और भारत केवल प्रतिशोध की नीति को अपनायगा इसका साफ साफ यह मतलब है कि भारत पहले परमाणु हमला नहीं करेगा और यदि कोई देश उस पर हमला करता है तो वह परमाणु हथियारों का उपयोग करने से पीछे नहीं हटेगा।

इधर परमाणु संपन्न देशों की महत्वाकांक्षाओं ने में नई करवट ली है। उत्तर कोरिया के सनकी सम्राट किम जोंग ने अपने परमाणु हथियारों से अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान को समूचा नष्ट करने की धमकी तक दे डाली है और अमेरिका उत्तर कोरिया को पूरा नष्ट करने की ठान चुका है। इसी तरह चीन ने समुद्री निगरानी करने के बहाने अपनी परमाणु पनडुब्बियों को समुद्र में उतारने का फैसला भी लिया है।

परमाणु हथियारों के उपयोग का खतरा अभी भी वैश्विक जगत में छाया हुआ है क्योंकि परमाणु अप्रसार संधि में अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस, भारत, पाकिस्तान, इसराइल और उत्तर कोरिया ने हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया है। फल स्वरूप परमाणु हथियारों के उपयोग की आशंका बनी हुई। संयुक्त राष्ट संघ एक कमजोर मध्यस्थ की तरह सबकी तरफ ताक रहा है। वर्तमान समय में अमेरिका के पास 6800, फ्रांस के पास 300 चीन के पास 260 ब्रिटेन के पास 215 पाकिस्तान के पास 140 और भारत के पास 110 इजराइल के पास 80 और उत्तर कोरिया के पास 10 परमाणु हथियार है। एक भी देश यदी परमाणु हथियार इस्तेमाल करता है तो पूरा विश्व और धरती तहस-नहस होने की दिशा में अग्रसर हो सकती है। विश्व बहुत गहरे संकट में है रूस यूक्रेन युद्ध यदि समाप्त नहीं हुआ तो विश्व युद्ध की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पिता विकमसिंह प्रमाणिकृत मुख्त्यार आम अब्दुल हकीम पिता अब्दुल शकुर, निवासी 187 स्कूल के पास कमला देवास | | |
| 05 | 40 | 213 | भू.क्रं.–09 सर्वे 58/8 व 61/5 पंवासा मक्सी रोड उज्जैन | 01 श्रीमती चन्द्रकान्ता पति स्व विकमसिंह, 02 जगदीश पिता स्व विकमसिंह, 03 पुष्पा पति पुरनसिह, 04 हेमलता पति धीरजसिंह बैस, 05 प्रेमकला बाई पति गुमान सिह पिता विकमसिंह प्रमाणिकृत मुख्त्यार आम अब्दुल हकीम पिता अब्दुल शकुर, निवासी 187 स्कूल के पास कमला देवास | श्री असलम शाह पिता एहमद शाह निवासी 6/1 गली न 12 अमरपुरा महाकाल मार्ग उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 40 | 212 | भू.क्रं.–08 सर्वे 58/8 व 61/5 पंवासा मक्सी रोड उज्जैन | 1 श्रीमती चन्द्रकान्ता पति स्व विकमसिंह 02 जगदीश पिता स्व विकमसिंह 03 पुष्पा पति पुरनसिह 04 हेमलता पति धीरजसिंह बैस 05 प्रेमकला बाई पति गुमान सिह पिता विकमसिंह प्रमाणिकृत मुख्त्यार आम अब्दुल हकीम पिता अब्दुल शकुर निवासी 187 स्कूल के पास कमला देवास | श्री असलम शाह पिता एहमद शाह निवासी 6/1 गली न 12 अमरपुरा महाकाल मार्ग उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 40 | 211 | भू.क्रं.–07 सर्वे 58/8 व 61/5 पंवासा मक्सी रोड उज्जैन | 1 श्रीमती चन्द्रकान्ता पति स्व विकमसिंह 02 जगदीश पिता स्व विकमसिंह 03 पुष्पा पति पुरनसिह 04 हेमलता पति धीरजसिंह बैस 05 प्रेमकला बाई पति गुमान सिह पिता विकमसिंह प्रमाणिकृत मुख्त्यार आम अब्दुल हकीम पिता अब्दुल शकुर निवासी 187 स्कूल के पास कमला देवास | श्री असलम शाह पिता एहमद शाह निवासी 6/1 गली न 12 अमरपुरा महाकाल मार्ग उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 40 | 217 | भू.क्रं.–13 सर्वे 58/8 व 61/5 पंवासा मक्सी रोड उज्जैन | 1 श्रीमती चन्द्रकान्ता पति स्व विकमसिंह 02 जगदीश पिता स्व विकमसिंह 03 पुष्पा पति पुरनसिह 04 हेमलता पति धीरजसिंह बैस 05 प्रेमकला बाई पति गुमान सिह पिता विकमसिंह प्रमाणिकृत मुख्त्यार आम अब्दुल हकीम पिता अब्दुल शकुर निवासी 187 स्कूल के पास कमला देवास | श्री असलम शाह पिता एहमद शाह निवासी 6/1 गली न 12 अमरपुरा महाकाल मार्ग उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 17 | 227 | भू.क्रं.– 193 सर्वे क 1690 का भाग प्रितिनगरकालोनी आगर रोड उज्जैन | श्री अकबर पिता चांद खां निवासी 7 कार्तिक चौक बाडी उज्जैन | श्रीमती रतन पति अशोक पटेल निवासी 79 ए मोहन नगर कालोनी आगर रोड उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 40 | 226 | भू.क्रं.– 35 सर्वे क 106/6 का भाग पंवासा उज्जैन | श्री ईश्वरलाल पिता गणपतलाल जी तरेटिया, निवासी 31 क्षपणक मार्ग फ्रीगंज उज्जैन | श्रीमती कुसुमबाई पति सत्यनारायण जी खववाल, निवासी 69 हिरामिल की चाल उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 41 | 230 | भू.क्रं.–409 सर्वे 201/1/3 मिन 3 शिवधाम कॉलोनी पाण्डयाखेडी रोड उज्जैन | अब्दुल अजीज पिता गुलामरसुल निवासी– 30/1 दादाभाई नारोजी मार्ग मदार गेट उज्जैन | 1 श्रीमती मीना बाई पति मुकेश पांचाल, 2 मुकेश पिता रामलाल पांचाल, निवासी पंवासा उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 18 | 229 | भू.क्र–75 दुकान जी 08 जे सी स्काय हाईटस मनी पार्क वे के समीप अशोक मण्डी मार्ग उज्जैन | मेसर्स नेमीनाथ डेव्हपर्स द्वारा भागीदारी श्री नीरज कुमार पिता नरेन्द्रकुमार जैन, निवासी – 105 मनीट्रेड सेन्टर 8/3 शंकुमार्ग फ्रीगंज उज्जैन | श्री रोहित पिता संजय चौधरी निवासी 42 ए चन्द्रलोक कालोनी इन्दौर | विक्रय पत्र |
| 05 | 41 | 172 | भू.कं. 17 बी एवं 16 एक का भाग उधोगपुरी मक्सी रोड उज्जैन | मेसर्स दिव्या इण्डस्ट्रीज द्वारा प्रोप्रा. रेनु पति बलभद्र शर्मा निवासी एम आर 2/28 आयकर कार्यालय के सामने देवास रोड उज्जैन | सुपर फार्मेलेशन प्राईवेट लिमिटेड श्री लविश पिता महेशचन्द्र जैन 02 मेघांत पिता दिनेश जैन निवासी 117/65 दशहरा मैदान उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 43 | 202 | भू.क्रं 29 नेमीनगर | श्री कृष्ण पिता स्व देवीलाल शर्मा | श्री अजय कुमार पिता स्व कृष्ण | शपथ पत्र/मृत्यु |
| | | | कालिदास मार्ग उज्जैन | निवासी 29 नेमीनगर कालिदास मार्ग उज्जैन | मुरारी शर्मा, निवासी कृष्ण कुंज भार्गव कालोनी गुना | प्रमाण पत्र |
| 05 | 41 | 195 | भू.क्रं 5 ए /1 उधोगपुरी मक्सी रोड उज्जैन | लेसी नवाब बाफिक्स प्रो. प्रा. प्रदीप कुमार, निवासी 5 ए /1 उधोगपुरी मक्सी रोड उज्जैन | नमन इटरप्राईजेस निलेश कुमार पिता विजेन्द्र कुमार जैन निवासी ब्राहमण गली उज्जैन | पटटाभिलेख/ अनुबंध पत्र |
| 05 | 41 | 196 | भू.क्रं 129 दक्षिण भाग महामंगल सिटी नीमनवासा उज्जैन | 1 रूपनारायण पिता स्व भगवान जी, 2 रेखा पति रूपनारायण गोयल, निवासी 9 महारानी लक्ष्मीबाई मार्ग गली न 07 उज्जैन | श्री जितेन्द्र पिता नारायणसिंह मालवीय, निवासी पटेल नगर सिमरोल शाजापुर | विक्रय पत्र |
| 05 | 41 | 197 | भू.क्रं 13 एवं 14 सर्वे क 195 का भाग पाण्डयाखेडी उज्जैन | 1 श्रीमती संतोष बाई पति लक्ष्मीनारायण उर्फ लक्ष्मण पांचाल, 2 लक्ष्मीनारायण उर्फ लक्ष्मण पिता बद्रीलाल पांचाल, निवासी 106 पाण्डयाखेडी उज्जैन | श्रीमती मुनि बाई पति संतोष पांचाल निवासी गोन्सा तह घटिटया जिला उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 41 | 208 | भू.क्रं 62 का दक्षिण भाग बैकुण्ठधाम कालोनी पाण्डयाखेडी उज्जैन | श्रीमती सुनीता पति कैलाशचन्द्रजी शर्मा, निवासी 278 न्यू इदिरानगर नानाखेडा उज्जैन | श्रीमती पूजा पति विनोद इटाल निवासी 382 लेक पेलेस राव छोटा बागडदा इंदौर | विक्रय पत्र |
| 05 | 40 | 207 | भू.क्रं 10 सर्वे क 83 मी का भाग पंवासा मक्सी रोड उज्जैन | श्री लाखनसिंह पिता रतनलाल जी धानक, निवासी लसुडिया सोड तह जिला देवास | श्रीमति अनीता पति रेवाशंकर बैरागी, निवासी 368/2 सुन्दर नगर सेक्टर ए इन्दौर | विक्रय पत्र |
| 05 | 41 | 209 | भू.कं. 174 का भाग महामंगल सिटी नीमनवासा | श्री अर्थव डेवकॉन प्रा. लि. श्री रविन्द्र पिता कैलाष सोलंकी निवासी– 117, प्रथम तल सिद्धिविनायक ट्रेड बेताल मार्ग शहीद पार्क उज्जैन | श्रीमती मनसाबाई पति जितेन्द्र जी मालवीय निवासी 239 महामंगल सिटी उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 40 | 206 | भू.क्रं. 121 विनायक पार्क कालोनी पंवासा मक्सी रोड उज्जैन | विनायक डेवलपर्स द्वारा भागीदार 01 संजय पिता प्रेमचन्दजी बापना 02 शैलेन्द्र पिता प्रेमचन्दजी बापना 03 चेतन पिता स्व मेघराजमलजी केवलानी, 04 कमल कुमार माखीजा पिता बुलचन्दजी माखीजा निवासी– 130 संतराम सिंधी कालोनी उज्जैन | 1 सचिन पिता सुरेशचंद 2 स्नेहा पति जितेन्द्र ताम्रकर निवासी पाण्डयाखेडी जिला उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 40 | 193 | भू.क्रं. 44सर्वे क 177/4 /1,178/2 177/2 मिन 1 का भाग प्रदीप विहार पंवासा उज्जैन | श्री मनीष पिता प्रकाशचन्द्र बडगोत्या, निवासी 13/1 किशनपुरा मक्सी रोड उज्जैन | श्री ओमप्रकाश पिता रूघनाथ राठौर निवासी 880 शंकरपुर उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 17 | 242 | भू.क्रं. एस एच 202 सान्दीपनी नगर उज्जैन | मध्यप्रदेश हाउसिंग एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, उज्जैन द्वारा अधिकृत गोपाल अरन्डवाल पिता श्री बाबूलालजी अरन्डवाल, नि– भरतपुरी प्रशासनिक क्षैत्र उज्जैन | श्री अनिल कुमार पिता भागीरथ जी गुजर निवासी एस एच 202 सान्दीपनी नगर उज्जैन | विक्रय विलेख |
| 05 | 17 | 241 | भू.क्रं.– 06 ब्लाक न. 08 राजरॉयल एन्क्लेव उज्जैन | मेसर्स एवन डेवलपर्स एण्ड बिल्डर्स कार्यालय–101, मनी ट्रेड सेन्टर शंकू मार्ग फ्रिगंज उज्जैन 1.श्री सैय्यद हामिद पिता सैय्यद इनायत अली, 2.श्री सैय्यद आबीद पिता सैय्यद इनायत अली 3.सैय्यद आमीर पिता सैय्यद हामिद अली, 4.श्री अनिल पिता श्री सुशील कुमार जैन, निवासी– 119, महाश्वेता नगर, उज्जैन | श्रीमती रामा पति रणजीत सिंह सिकरवार निवासी ई/18 राज रॉयल एन्क्लेव उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 17 | 240 | भू.क्रं 36 कैलाश एम्पायर पाण्डयाखेडी एम आर–5 उज्जैन | अंजुश्री कन्स्ट्रशन प्रायव्हेट लिमिटेड उज्जैन, द्वारा अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता श्री सुरेशकुमार पिता भगवती प्रसादजी मोढ, नि.– 17 विक्रम होम्स गेल आफीस के पीछे नानाखेडा उज्जैन | श्री दिनेश कुमार पिता रामनारायण जी सैनी निवासी 170 कैलाश एम्पायर एम आर 5 रोड उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 43 | 239 | भू.क्रं 1 ब्लाक न 82 ए अशोक नगर तात्याटोपे मार्ग गली न 9 उज्जैन | 1 जवाहरलाल पिता भावनदास 2 रवि कुमार पिता अशोक राणा निवासी 31 गोंदाकी चौकी उज्जैन | श्रीमती संगीता पति गोविन्द यादव, निवासी 180 रविन्द्रनाथ टैगोर मार्ग अब्दालपुरा उज्जैन | विक्रय पत्र |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 05 | 17 | 238 | भू.क्रं.– 06 ब्लाक न. 18 राजरॉयल एन्क्लेव उज्जैन | मेसर्स एवन डेवलपर्स एण्ड बिल्डर्स कार्यालय–101, मनी ट्रेड सेन्टर शंकू मार्ग फ्रिगंज उज्जैन 1.श्री सैय्यद हामिद पिता सैय्यद इनायत अली, 2.श्री सैय्यद आबीद पिता सैय्यद इनायत अली 3.सैय्यद आमीर पिता सैय्यद हामिद अली, 4.श्री अनिल पिता श्री सुशील कुमार जैन, निवासी– 119, महाश्वेता नगर, उज्जैन | श्रीमती अनीसा बी पुत्री सुबराती खान निवासी 14 राम रतन शर्मा मार्ग उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 41 | 243 | भू.क्रं.– 76 ब्लाक बी सर्वे 139/1 व 140 नीमनवासा उज्जैन | श्री जगदीश पिता चतुर्भुज जी चौहान द्वारा प्रमाणिकृत प्रमोद पिता प्रभुदयाल जी शर्मा, निवासी ए 11/15 ऋषिनगर बगीचे के सामने उज्जैन | श्री तेजकरण पिता तुलसीराम बाथम निवासी कुम्हार मोहल्ला पानविहार उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 17 | 244 | भू.क्रं.– 42 अमन नगर उज्जैन | श्रीमती भागवंतीबाई पति स्व गरीबदास जी रायकवार निवासी 1/7 जवाहर नगर उज्जैन | श्रीमती आशाबाई पति कांतिलालजी मेढा निवासी 1 जवाहर नगर उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 41 | 245 | भू.क्रं.– सर्वे 200/3 201/1/3/मिन 2 पाण्डयाखेडी उज्जैन | जैनुध्दीन पिता मोईजुध्दीन निवासी 3/3 महाकाल मार्ग छोटी कंधार उज्जैन | श्री शंकरराम पिता धनेश्वर राम जी, निवासी 2 डाक बगला कालोनी भानपुरा मंदसौर | विक्रय पत्र |
| 05 | 43 | 246 | भू.क्रं.– 22 नया क 22/1 पूर्व दिशा भाग अशोक नगर उज्जैन | लीला बाई पति तेजुलाल जी सोलंकी निवासी 22 अशोक नगर गली न 7 उज्जैन | 1 युनूस पिता बाबु खान 2 शकील पिता बाबु खान निवासी 5/7 अशोक नगर फ्रीगंज उज्जैन | विक्रय पत्र |
| 05 | 40 | 247 | भू.क्रं.– 25 एव 26 सर्वे 9/1 मिन 1 आकाश परिसर पंवासा उज्जैन | 1 अशोक पिता कैलाशचन्द्र चौहान 02 अविनाश पिता एलिक्जेन्डर ग्लेडविन, 3 विकार पिता हाजी कमर एहमद 04 मोह रजा काजमी पिता जुल्फिकार हुसैन, निवासी 5 बेगमबाग कॉलोनी उज्जैन | श्रीमती सावित्रीबाई पति सुरेशसिंह जी चौहान निवासी 61/1 सुदामानगर उज्जैन | विक्रय पत्र |

अतः उक्त नामांकन के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर लिखित में मय अभिलेख/प्रमाण के साथ अपनी आपत्ति संबंधित झोन के प्रभारी सहायक सम्पत्तिकर अधिकारी को प्रस्तुत करें, नियत अवधी के पश्चात् कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

नोटः– उक्त नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना निगम की वेबसाईट http://nagarnigamujjain.org/ पर भी देखी जा सकती है।

(आदित्य नागर)
अपर आयुक्त (सम्पत्तिकर)
नगर पालिक निगम, उज्जैन

क्रमांकः सम्पत्तिकर/2023/ उज्जैन, दिनांकः

प्रतिलिपिः–

1. आयुक्त महोदय, नगर पालिक निगम, उज्जैन की ओर सूचनार्थ।
2. उपायुक्त (सम्पत्तिकर/पी.एच.ई. शाखा), नगर पालिक निगम, उज्जैन की ओर सूचनार्थ।
3. प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम, उज्जैन की ओर उक्त नामांकन विज्ञप्ति स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सम्बन्धित समाचार पत्र की 07 प्रति (समस्त झोनों हेतु 01–01 एवं मुख्यालय हेतु 01) राजस्व विभाग, सम्पत्तिकर मुख्यालय को उपलब्ध कराने हेतु।
4. प्रभारी अधिकारी, आई.टी.सेल, नगर पालिक निगम उज्जैन की ओर भेजकर लेख है कि, उक्त नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना निगम की वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. प्रभारी सहायक सम्पत्तिकर अधिकारी, झोन क. 1, 2, 3, 4, 5 एवं 6 नगर पालिक निगम, उज्जैन की ओर भेजकर निर्देशित किया जाता है कि, उक्त नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना संबंधित के प्रकरण में संलग्न करने के साथ–साथ झोन के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही करें।

अपर आयुक्त (सम्पत्तिकर)
नगर पालिक निगम, उज्जैन

# कोतवाली पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, 3 आरोपी गिरफ्तार, 27 वाहन जब्त



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कोतवाली थाना पुलिस ने बुधवार को वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को पकड़ा है। जिसमें दो नाबालिग आरोपी है। इन्हें चोरी के वाहनों के साथ गिरफ्तार किया है। नगर पुलिस अधीक्षक ने विवेक सिंह चौहान ने प्रेस वार्ता में बताया कि आरोपी को अपने निजी शौक और प्रेम संबंध के चलते उसे खर्च करने के लिए पैसों की आवश्यकता बनी रहती थी अपराध के माध्यम से पैसा कमाना मुख्य उद्देश्य था। इसलिए यह इस प्रकार का अपराध करता था। आरोपियों के पास से 27 मोटरसाइकिल जिनकी अनुमानित कीमत 20 लाख रूपए है उन्हें जब्त किया गया है। यह लोग जिले व शहर में आसपास से मोटरसाइकिल चुराने का कार्य करते थे। मुख्य आरोपी दो नाबालिक आरोपियों की मदद से वाहन चोरी करता था। ये लोग वाहन चोरी करने के बाद दूसरे अन्य स्थान पर वाहनों को छुपा देते थे। उसके बाद मौका मिलते ही चोरी किए वाहनों को साथ ले जाते थे। चोरी किए गए वाहनों को खोलकर उसके पार्टस बेचने का काम भी करते थे। इससे पहले सिविल लाइन थाने में एक आरोपी व कोतवाली थाने में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया चुका है।

मुखबीर की सूचना पर देवास शहर में वाहन चोरी की बढ़ती वारदातों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ शिवदयाल सिंह के निर्देश पर कोतवाली थाना प्रभारी उनि पवन यादव के नेतृत्व में टीम का गठन किया था। टीम के द्वारा वाहन चोरी के स्थानो को चिन्हित कर निगाह रखी जा रही थी। कोतवाली थाना पुलिस व टीम ने वाहन चोरो के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए करण पिता रमेश गुणकर उम्र 20 वर्ष निवासी मंडी गेट थाना सोनकच्छ व दो नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उपरोक्त गिरोह के कब्जे से चोरी की गई 2 दर्जन से अधिक दो पहिया वाहन जब्त किए गए है। उन्होनें बताया कि आरोपीगण दो वाहनों को खोलकर पार्टस बेचने का प्रयास कर रहे थे। उक्त वाहनों के पार्टस आरोपियों के कमरों से जब्त किए गए हैं। उन्होनें बताया कि जिन्हें चोरी के वाहनों में से पार्टस बेचते थे उन्हें भी आरोपी बनाया जाएगा। आरोपियों ने पूछताछ में उनके 2 अन्य साथी सुनील दास बैरागी पिता पप्पू दास बैरागी उम्र 21 साल निवासी ग्राम डाबला खालसा तथा अभयसिंह उर्फ बल्ला निवासी ग्राम डाबला खालसा के द्वारा भी वाहन चोरी करना बताया है जिनको कोतवाली थाना पुलिस के द्वारा पूर्व में गिरफ्तार किया गया था उनके पास से 5 मोटरसाकिल जब्त की गई थी वर्तमान में दोनों आरोपी जेल में है।

उक्त कार्य में कोतवाली थाना प्रभारी उनि पवन यादव, उनि हर्ष चौधरी, उनि अख्तर मोहम्मद पठान, सउनि संजय सिंह तंवर, सउनि ईश्वर मंडलोई, सउनि पीसी सोलंकी, प्र.आर पवन पटेल, रवि गरोडा, मनोज पटेल, हेमंत डाबी, सुनील देथलिया थाना सिविल लाइन, आर अंशु कुमार, आर सूरज सिकरवार, नवीन देथलिया, पिन्टू देथलिया, उदयप्रतापसिंह, गोपाल ठाकुर थाना औघोगिक क्षैत्र, शिव वसुनिया थाना बीएनपी का सराहनीय योगदान रहा।

## तोलकांटो के सत्यापन के नाम पर नापतोल विभाग के ठेकेदारों द्वारा दुकानदारों से वसूले जो रहे तीन गुना पैसे

### - शिवसेना का प्रतिनिधि मण्डल पहुंचा कलेक्ट्रेट, आवेदन देकर की शिकायत, कलेक्टर ने दिए जाँच के आदेश

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** तोलकांटे का सत्यापन करने वाले ठेकेदारों द्वारा बिलों में गड़बड़ी कर नियमो के विरूद्ध शुल्क लेकर सत्यापन करने की शिकायत शिवसेना ने कलेक्टर को आवेदन देकर की। शिवसेना जिलाध्यक्ष सुनील वर्मा ने बताया कि बागली तहसील अंतर्गत आने वाले करनावद, हाटपीपल्या व ग्रामीण क्षेत्रों में नापतोल विभाग द्वारा क्षेत्र के समस्त तोलकाँटों का सत्यापन किया जा रहा है, जिसमे सत्यापन करने वाले ठेकेदार (संस्था) के द्वारा तोलकाँटों में सत्यापन करते समय दुकान संचालक से नियम अनुसार जो 200 रूपए लिए जाते है। तोलकाँटों में अगर किसी प्रकार का सुधार किया जाता है तो उसमे अलग से शुल्क लिया जाता है, लेकिन ठेकेदारों द्वारा नियमो को ताक पर रख कर बिना किसी सुधार कार्य के उनसे तीन गुना शुल्क लेकर उन्हें बिल दिए जाते है। जिसमे स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है जो सुधर कार्य किया गया है। तोलकाँटों में जो भी सामग्री डाली जाती है उसकी जानकारी उसी के एक कोष्टक में डाली जाती है लेकिन इन सभी बिलों में जगह खाली है। जिलाध्यक्ष वर्मा ने जब इस संबंध में दूकान संचालक से बिल व जानकारी ली तो दुकानदार ने बताया कि उनके तोलकाँटों में सत्यापन हुआ है। लेकिन किसी भी प्रकार की कोई खराबी कांटे में नहीं थी उसके बावजूद शुल्क लिया गया है, जबकि ऑनलाइन नापतोल की वेबसाईट से 200 रूपए का शुल्क की रसीद भी मिली है। शिवसेना समय-समय पर नापतोल विभाग द्वारा बरती जा रही लापरवाही की शिकायत कलेक्टर से करता रहता है। विगत दिनों नापतोल विभाग के जिला मुख्यालय कार्यालय पर ताला लगा होने की शिकायत भी की थी, उसके पश्चात कलेक्टर ने जाँच कर कार्यवाही के आदेश भी दिए थे। शिवसेना ने आरोप लगाते हुए मांग की है कि नापतोल विभाग निरीक्षक संतोष बांके के निर्देश पर ठेकेदारों द्वारा दुकान संचालक व क्षेत्र के तोलकोटा व्यापारियों के साथ लाखो रूपये का शुल्क वसूला जा है, जिसकी न्यायिक जांच कराई जाए और दोषियों पर कार्यवाही कर उनके लाइसेंस निरस्त किए जाए। इस दौरान शिवसेना ग्रामीण जिलाध्यक्ष ठा. श्रवण सिंह दरबार, युवा सेना जिलाध्यक्ष तरूण देशमुख, शहर अध्यक्ष नितिन पटेल, बांगर जनपद प्रतिनिधि विरेन्द्र चौधरी, शिवसेना नेता पं. दशरथ जाट, जितेन्द्र गौड़ आदि उपस्थित थे।

## बोर्ड परीक्षाओं की हुई शुरुआत, जिले के 104 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की कक्षा दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं का दौर आज से शुरू हो गया। कक्षा दसवीं का हिंदी विषय का पेपर सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक हुआ। जिले के 104 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित हुई। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। पहला पेपर होने से सुबह से परीक्षा केन्द्रों पर विद्यार्थी पहुंचने लगे थे।

उत्साह के साथ दिया पेपर- छात्रा रानी प्रजापति ने बताया कि बुधवार को हिन्दी विषय का पेपर था और बहुत ही अच्छा गया जो याद किया वहीं सब आया। जो मुख्य प्रश्न थे उनको याद किया था अधिकांश वहीं पेपर में आए थे। सारे पेपर इसी प्रकार से जाने चाहिए। छात्र अल्केश ने बताया कि पहले पेपर के पहले दिन परीक्षा समय से आधे घंटे पहले केन्द्र पर पहुंच गए थे। परीक्षा के पहले कुछ टेंशन थी लेकिन पेपर देखा तो पेपर सरल दिखा। संवेदनशील केंद्रों पर रही नजर- परीक्षा के दौरान विभिन्न केन्द्रों पर नकल न हो इसके लिए काफी सख्ती बरती गई। सुबह परीक्षा केन्द्रों पर विद्यार्थियों की इंट्री के समय चैकिंग की गई। परीक्षा केन्द्रों पर उडनदस्तों की टीम निरीक्षण करती रही। केन्द्रों पर मोबाइल फोन का पुणतर्ः प्रतिबंध रहा। जिले में 18 केंद्रों को अतिसंवेदनशील जबकि 5 को संवेदनशील घोषित किया गया है। देवास विकासखण्ड में 4 , सोनकच्छ में 3 टोंकखुर्द में 2 कन्नौद में 2, खातेगांव में 5, बागली विकासखंड में दो केंद्र अतिसंवेदनशील हैं। वहीं देवास विकासखंड में दो, टोंकखुर्द, बागली व खातेगांव में 1-1 केंद्र को संवेदनशील घोषित किया गया है। जहां पर उडऩदस्तों की विशेष नजर बनी रही।

# क्यो सोनी सब के 'दिल दियां गल्लां ' में अपनी मां को बचाकर मंदीप अपने परिवार का विश्वोस दोबारा जीत पायेगा?



**जीएनएस।** सोनी सब का 'दिल दियां गल्लां ' एक परिवार की भावनात्मपक कहानी है, जो गलतफहमियों से भरपूर हालातों, आहत भावनाओं और निहित धारणाओं की वजह से बिखर गया है। यह शो दिखाता है कि कैसे अनकहे शब्दोंन के कारण तीन पीढ़ियों के बीच मतभेद आ गये हैं। शो के आगामी एपिसोड्स में, दर्शक संजोत (जसजीत बब्बनर) का एक कमजोर पक्ष देखेंगे, जब वह 25 सालों के बाद अपने बेटे मंदीप (संदीप बासवाना) से मिलती है। उसकी यह खुशी थोड़ी ही देर की है और जल्दीढ़ ही वह दुखी हो जाती है कि जब गांववाले उसके बेटे की अंतिम यात्रा निकालने की मांग करते हैं, क्योंकि उसने गांव में एक अस्पदताल खोलने के अपने वादे को तोड़ दिया था।

इस सप्ता ह के एपिसोड्स दर्शकों की दिलचस्पीव को बनाये रखेंगे, क्योंमकि वे संजोत को अपने बेटे मंदीप को बचाने के लिये दखल देते देखेंगे। अपने पति दिलप्रीत (पंकज बेरी) को अपने बेटे के साथ सारे रिश्तें तोड़ने के लिये मजबूर करने के लिये गांववालों को उसकी अंतिम यात्रा निकालते देखकर दुखी संजोत भगवान की शरण में जाने की सोचती है। वह गुरूद्वारा जाने और अपने बेटे की सुरक्षा के लिये प्रार्थना करने का फैसला करती है, लेकिन रास्ते में ही बेहोश हो जाती है।

## संजोत के साथ क्या होगा? क्यार मंदीप समय पर पहुंचकर उसे बचा पायेगा?

जसजीत बब्बार, जोकि संजोत का किरदार निभा रहे हैं, ने कहा, संजोत का मेरा किरदार जिंदगी के एक बेहद मुश्किल मोड़ पर है। एक ओर वह खुश है कि उसका परिवार 25 सालों के बाद उसके बेटे से आखिरकार मिल रहा है और दूसरी ओर उसके प्रति गांववालों का व्यकवहार देखकर वह बहुत उदास भी है। इस सप्ता ह, वह भावनाओं के उतार-चढ़ाव से गुजरेगी और गांववालों की मांग उसके सब्र का बांध तोड़ने में आखिरी कांटा होगा। इस तरह के गंभीर सीन्सर एक ऐक्टीर का सर्वश्रेष्ठं परफॉर्मेंस सामने लेकर आते हैं और बतौर कलाकार विकसित होने में मदद करते हैं। मैं आपको आश्वीस्ता कर सकती हूं कि शो के आगामी एपिसोड्स दर्शकों को एक जबरदस्तव सफर पर ले जायेंगे।

**देखते रहिये 'दिल दियां गल्लां ', हर सोमवार से शनिवार, शाम 7:30 बजे, सिर्फ सोनी सब पर**

## भाव विह्वल

*हां आज भाव विह्वल हूं मैं*
*अपने मार्गदर्शक के सेवा निवृत्ति पर,*
*क्या हमारी टांग फंस गई विपत्ति पर,*
*नहीं ऐसा नहीं है,*
*माननीय का साथ,*
*आशीर्वाद कायम रहेगा*
*चाहे वे कहीं है,*
*शब्दों की व्याख्या के माहिर,*
*शब्द बयां के साक्षात साहिर,*
*जब से हमारा झुंड आपसे मिला,*
*आपके साथ रह हमने ढहाया*
*मुश्किलों का हर किला,*
*हम बेनूरों में आप नूर थे,*
*आप हमारी गर्विता में कोहिनूर थे,*
*आपसे हम हृदय से जुड़े रहेंगे,*
*समझ व ज्ञान हर मुश्किल से भिड़े रहेंगे,*
*कमी आपका यूं ही नहीं भर जाएगा,*
*हर कायनाती घड़ी अनिल याद आएगा।*

**-राजेन्द्र लाहिरी छ. ग.**



## वीर चंद्रशेखर आज़ाद

*हम डरेंगे नही दुश्मन का सामना करेंगे।*
*आजाद थे और हम आजाद सदा रहेंगे।।*

*बात से नही बंदूक से आजादी पाएंगे।*
*ऐ अंग्रेज हुकूमत तुझे जल्दी भगाएंगे।।*

*वो बांका सुंदर चांद सी सूरत वारा।*
*मां पिता का था लाडला आंखों का वह तारा।।*

*मध्यप्रदेश में जन्मा था वास भाभरा ग्राम।*
*जगरानी मां पिता थे तिवारी सीताराम।।*

*आदिवासी सखा संग सीखा था तीर निशान।*
*गुस्सेल स्वाभिमानी दृढ़सकल्पी था वीर जवान।।*

*जलियावाला बाग मन को उद्वेलित कर गया था।*
*पढ़ाई छोड़ आजाद रण में कूद गया था।।*

*कालेज के आंदोलन में जब भाग लिया था।*
*अंग्रेजों ने चंद्रशेखर को कैद कर लिया था।।*

*जज ने पूछा नाम तो आजाद बताया था।*
*पिता का नाम स्वतंत्र और घर जेल बताया था।।*

*असहयोग आंदोलन में बढ़ कर भाग लिया था।*
*मायूस हुआ आजाद आंदोलन वापस लिया था।।*

*आजादी का दीवाना उनसे जा टकराया।*
*हिंदुस्तान प्रजातंत्र संघ जिसने था बनाया।।*

*साथियों से मिल आजादी की अलख जगाते थे।*
*आजादी हित पंडित ब्रह्मचारी बन जाते थे।।*

*धन हेतु काकोरी में रेल खजाना लूटा था।*
*यह देख अंग्रेजो का तब दिल बहुत दुखा था।।*

*अब आजाद पकड़े अंग्रेजो ने ठानी थी।*
*इस बाबद सूचना हरैक जगह जारी की थी।।*

*कद सांवला गठा बदन बड़ी मुछे पता दे जाए।*
*सूचना के बदले पांच हजार रुपये पाए।।*

*विरोधी लालाजी को अंग्रेजो ने मारा था।*
*लाहौर में क्रांति दूत ने सांडर्स मारा था।।*

*असेंबली में बम फेंक भगत ने केवल डराया था।*
*आजाद ने इसमें भी किरदार निभाया था।।*

*पकड़े गए थे भगतसिंह छुड़ाने को आजाद भागे।*
*न अपनो ने साथ दिया रहे भगतसिंह अभागे।।*

*साथी से चर्चा रत थे आजाद अल्फ्रेड पार्क में।*
*कई दिनों से अंग्रेज भी थे इनकी ताक में।।*

*साथियों को भगा कर खुद ने मोर्चा सम्हाला।*
*पेड़ की आड़ ले कई गोरो को मार डाला।।*

*खूब चली गोलियां आजाद पकड़ में न आए।*
*भारत मां की जय बोल अंतिम गोली खुद खाए।।*

*आजाद था आजाद रहा जिंदा न पाए गोरे।*
*आखिर आजाद हुआ भारत गुण गाए*
*हम तोरे।।*




**-मनोहर सिंह चौहान मधुकर**

## //होली//

*आया त्यौहार*
*बच्चे सभी तैयार*
*था इंतजार।।*
*नन्हें बालक*
*पकड़े पिचकारी*
*खुश हो जाते।।*
*पहने टोपी*
*बनते हैं जोकर*
*खूब डराते।।*
*रंग लगाते*
*लेकर दोनों हाथ*
*बजाते ताली।।*
*ढोल बजते*
*बच्चे सभी झूमते*
*हर्षित मन।।*

**-प्रिया देवांगन प्रियू**



## गीत

*सुंदर छवि तेरी मन में बस गई।*
*सनम तेरी तारीफ पवन कर गई।।*

*हां में सिर हिलाए ये लता पताएं।*
*सुनाऐ तेरे रूप रंग की कथाएं।।*
*अब सब्र की मेरी गागर भर गई....*

*अब जिद मेरी दीदार तेरा हो।*
*दिल ये कहे तेरा प्यार मेरा हो।।*
*अब मनहर खुदसे खुद की ठन गई...*

*प्यासी आंखो को इंतजार तेरा।*
*तुम आओ प्रिय हो सुंदर सवेरा।।*
*प्रीत की कली मन में खिल गई...*

**-मनोहर सिंह चौहान मधुकर**



## गज़ल

*ये सवाल मेरे ज़हन में उठा करता है*
*इंसान ही इंसान से क्यों दग़ा करता है*

*जब-जब भी मिलते हैं हम उससे तब-तब वो*
*अपने हाथ में खंज़र लिए मिला करता है*

*अपराध करके भी रहता हरदम खुश यहाँ*
*इसलिए वो हुज़ूर धंधा काला करता है*

*पहले तो घोंपता पीठ में उन पर खंज़र*
*फिर उसके बचने की स्वयं दुआ करता है*

*चोर-चोर मौसेरे भाई बन जाते सब*
*फिर आपस में सबमें प्रेम बहा करता है*

*होता है दफ्तर में तभी काम 'रमेश' अब*
*जब भी बाबू को लिफ़ाफा मिला करता है*

**-रमेश मनोहरा**



## हम तुम्हारे है

*अकेले है तो क्या ग़म है,*
*बस तन्हाई का आलम है ।*
*बातें करने को सिर्फ तेरी तस्वीर है,*
*और तेरी यादों के सिर्फ सहारे है।*
*जिंदगी में चारो और खालीपन है,*
*एक बंद कमरा और सिर्फ दीवारें है ।*
*फकत दिल बहला लेते है ,तुम्हारीं बातो से,*
*जब तुम बहुत धीरे से कहती हो हम तुम्हारे है।*
*हवाओ से बातें करने का अपना मजा है,*
*हवाओं में उड़ती जुल्फों के भी तो कुछ इशारे है ।*
*इस दिल में जो प्यार छुपा रखा हैं,*
*वो ही तो जीने का सहारा हमारे है ।*
*तुम्हारीं मुस्कराहट बहुत ही प्यारी है,*
*इसी से हमारे जीवन की बगिया में बहारे है।*

**-डॉ. संजय कुमार मालवी**

## रिश्ते- नाते

*रिश्ते नाते मज़बूत रहें,*
*वैवाहिक जीवन में खुशहाली लाने का,*
*सबसे खूबसूरत श्रंगार है।*
*सात वचन निभाने वाले लोगों में,*
*खुशियां दिखता यहां अपार है।*
*ताउम्र साथ निभाने वाले ,*
*दिखलाते खूब सुन्दर स्नेहिल प्यार यहां।*
*सपने साकार करने का,*
*न ज़िद हो और कभी और अहंकार यहां।*
*मंडप के नीचे किए वादे पूरे करने का,*
*उन्नत प्रयास खूब पूरजोर रहें।*
*बातचीत और संवाद हो सुन्दर,*
*कमियां निकाल कर दूर करें।*
*सात वचन को गौर से देखें ,*
*हर्षित मन कर देती है यह खूब।*
*सहज भाव से मिलकर रहने से,*
*अपार मिलीं खुशियां खत्म कर देती है भूख।*
*अपने हमसफर पर विचार थोपकर,*
*करते हैं सब बड़े -बड़े अत्याचार ।*
*विवाह बंधन है एक पवित्र मन का रिश्ता,*
*नहीं हो इसमें कोई दुष्ट विचार।*
*विश्वास विवाह की एक धूरी है,*
*बेवफ़ाई और विश्वासघात पर रोक लगे।*
*समस्यायों का अगर दिखता है भरपूर पुलिंदा,*
*मिलकर हल करने का शौक चढ़े।*
*मिलकर इसे तुरन्त सुलझाने से,*
*खत्म हो जाती है इसका शोर।*
*पति पत्नी का प्यार यहां पर दिखता है,*
*अब आसमान पर मन हो जाता भावविभोर।*
*दो परिवारों का है मिलन एक संगम,*
*सम्मान यहां सबमें भरपूर रखें।*
*रिश्तों में मीठापन लाने में,*
*कड़वाहट को दिल से खूब दूर करें।*

**-डॉ.अशोक,पटना,बिहार।**



## हम कलम के सहारे फिर निखर आए .....

*तुम जब जब ना नजर आए*
*अश्क आंखों में भर आए ।*
*चली जब भी कागज पे कलम*
*लगा तुम मुझ में उतर आए ।*
*राते आंसू में कटी इस आस पर*
*शायद खुशियों की कभी सहर आए ।*
*मैं पी लेता विष का प्याला भी मगर*
*तेरा अक्स तो उसमें नजर आए ।*
*तेरे गम में टूट के बिखर के भी*
*हम कलम के सहारे फिर निखर आए ।*

**- राजेश अजनबी**

## कुछ कुछ बातों में

*कभी कभी लगता*
*क्या सच क्या ग़लत*
*दिल से लिखी या*
*मन से पढ़ी किताब*
*सच है या ग़लत।*
*समय समय पर*
*जाने अनजाने में*
*बिन आहट पदचाप*
*वक्त बदलता करवट।*
*यकीं तो न था, न है*
*किसी के बस में तो*
*किसी के मुकद्दर में*
*लिखा अन लिखा*
*हाथों की लकीरों में ।*

**-लाल बहादुर श्रीवास्तव**

## माँ

*नौ महीना कोख में रखके,*
*जन्म हमको देती हैं माँ !*
*सीने से लगाकर हमको,*
*आंचल में छुपाती हैं माँ !*
*हमारे गिरने पर हमें,*
*संभालती हैं माँ !*
*उंगली पकड़कर चलना,*
*सिखाती हैं माँ !*
*खुद भुखे रहकर,*
*खाना हमें खिलाती हैं माँ!*
*मंजिल हमें बताती हैं,*
*संस्कार हमें सिखाती हैं माँ !*
*बचपन में बिना कहे हमारे,*
*परेशानी को समझ लेती हैं माँ!*
*जख्म लगने पर प्यार से,*
*मरहम पट्टी लगा देती हैं माँ !*
*अपने बच्चों के खातिर,*
*कठिन परिश्रम करती हैं माँ !*
*आये मुश्किल घड़ियों में,*
*सारे दुखों को छुपा लेती हैं माँ !*
*नौ महीना कोख में रखके,*
*जन्म हमको देती हैं माँ !*

**-कृष्णा चौहान**



## हौसले की ऊँची उड़ान -काव्य संकलन -समीक्षा

हम जिस तरह से अपनी और संस्कृति के संरक्षण के लिए गाँवों की ओर देखते हैं और कहते हैं की गाँवों मे ही असली संस्कृति जीवित है।वहीं भारत की सच्ची और असली तस्वीर दिखाई देती है।ऐसा ही अब साहित्य के क्षेत्रमें दिखने लगा है।शहरी क्षेत्र के रचानाकारों और ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले रचनाकारों के लेखन मे भी यही बात स्पस्ट रूप से दिखाई देती है, शहरी लेखक जहाँ कुछ मुलभुत समस्याएं और उलझनों और जीवन शैली को ज्यादातर अपने लेखन का विषय बनाते हैं,वहीं ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लेखक ग्रामीण जीवन परम्परा युवाओं की चिंतन और उनसे जुड़े विषयों को अपने मे समेटे हुए दिखाई देते हैं।

अभी तुस्मा,शिवरीनारायण क्षेत्र के लेखक अशोक पटेल आशु जो धमतरी क्षेत्र में निवासरत हैं,उनका काव्य संग्रह हौसले की ऊँची उड़ान मे देखने को मिल रहा है।इसमें उन्होंने युवाओं के मन मे उठने वाली जिज्ञासा का जवाब देने और निराशा के भावों को दूर करने, उनका हौसला बढ़ाने का काम किया है। शिक्षा पेशे से जुड़े अशोक जी मगरलोड जिला धमतरी छ ग में निवासरत हैं उनका काव्य संग्रह हौसले की ऊँची उड़ान में ग्रामीण भारत की आत्मा इस सफल युवाओं की छबि दिखाई दे रही है। शिक्षा पेशे से जुड़े अशोक जी मगरलोड की साहित्यिक संस्था संगम साहित्य एवं संस्कृति समिति से जुड़े हुए हैं। मुझे इस समिति द्वारा लेखन किए जाने वाले लेखन कार्यों का अच्छा अनुभव है।इसी समिति से जुड़े अशोक पटेल आशु जी भी इसी संस्था से है जो अच्छा लेखन कार्य कर रहे हैं। और वे अपने उद्देश्य में सफल दिखाई दे रहे हैं।



**-अशोक पटेल आशु**

# आलेख-जीवन की उमंग है फाल्गुन

**शाश्वतम्, प्रकृति-मानव-सङ्गतम,**
**सङ्गतं खलु शाश्वतम।**
**तत्त्व-सर्व धारकं**
**सत्त्व-पालन-कारकं**
**वारि-वायु-व्योम-वह्नि-ज्या-गतम्।**
**शाश्वतम, प्रकृति-मानव-सङ्गतम्।।**

फाल्गुन का एहसास होते ही मन में एक अजीब तरह की खुशी की तरंगे उत्पन्न हो जाती हैं उन तरंगों में मस्ती और खुशी होती है, इस रंग-बिरंगे महीने में जीवन रंगों से भर जाता है सब कुछ अपना सा लगता है, जीवन में संबंधों के लिए इस माह का एक अलग ही महत्व है इस माह में चुंकि बसंत का प्रभाव होता है इसलिए प्रेम और रिश्तो में मधुरता आती है। साल के सबसे बड़े त्यौहार में से एक होली इस महीने को और खूबसूरत बना देती है सामाजिक समरसता के लिए इस महीने का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। फाल्गुन माह में मन बड़ा आनंदित रहता है और आपको सीधे ही ले जाकर बचपन से जोड़ देता है बात बचपन की होती है तो दोस्तों की होती है और जीवन में दोस्त हो तो उमंग और उल्लास की कोई कमी नहीं रहती है, इस माह में प्रकृति की सुंदरता देखते ही बनती है, हर वर्ष फाल्गुन का महीना आते ही सारा वातावरण जैसे रंगीन हो जाता है और हो भी क्यों ना खेतों में पीली सरसों लहलहाती है, पेड़ों पर पत्तों की हरी कोपले हैं और पलाश के केसरिया फुल इन सबको देखकर मन भी अनायास ही रंगीन हो जाता है, फाल्गुन का महीना मस्ती से भरा होता है जो सारी प्रकृति को नया रंग प्रदान कर देता है पेड़ पौधों की शाखाएं हरे हरे पत्तों से लद जाती हैं लाल लाल कोंपले अपार सुंदर लगती हैं रंग-बिरंगे फूलों की बहार सी छा जाती है प्राकृति ईश्वरीय शोभा को लेकर प्रकट हो जाती है जो बाकी ऋतुओं से भिन्न होता है इस ऋतु में ना गर्मी का प्रकोप होता है और ना ही सर्दी की ठिठुरन यह महीना तो अपार सुखदायी बनकर सबके मन को मोह लेता है। गर्मी की शुरुआत का आगमन होने लगता है खान-पान और दिनचर्या में बदलाव करना बहुत ही खास हो जाता है, इस माह में भोजन में अनाज का प्रयोग कम करके मौसमी फलों का सेवन अधिक करने की मान्यता है आयुर्वेद के अनुसार शरीर को ऊर्जावान और स्वस्थ रखने के लिए आपको पानी की मात्रा बढ़ाकर खाने में फलों का उपयोग ज्यादा करना पड़ता है, इस मौसम में फलों की तो जैसे बाहर आ जाती है अनेक प्रकार के रंग-बिरंगे और रसीले फल आपके स्वास्थ्य को तंदुरुस्त रखने के लिए बाजार में आ जाते हैं जिनको देखकर ही मन उनको खाने के लिए लालायित हो जाता है सुबह-सुबह की सहर और कच्ची धूप आपको स्वस्थ रखती है। फाल्गुन माह हिंदू पंचांग के वर्ष का अंतिम महिना होता है, इस माह में महाशिवरात्रि और होली का त्यौहार प्रमुख रूप से मनाया जाता है भक्ति और मस्ती के इन त्यौहारों से आपके जीवन में उमंग और जीवन को सामाजिक समरसता से मनाने के लिए प्रेरणा मिलती है होली का पर्व ही एक ऐसा पर्व है जो सामाजिक एकता को मजबूत तो करता ही है जिन लोगों में मनमुटाव हो गया है उनको मनाने के लिए भी होली का पर्व अति महत्वपूर्ण हो जाता है भाईचारे का प्रतीक इस त्यौहार में सभी एक दूसरे के हो जाते हैं वह सामान्य रूप से एक रंग में रंग जाते हैं, अगर पूरे विश्व में सामाजिक समरसता व भाईचारे का प्रतीक पर्व कोई है तो वह होली है, लोग ईर्ष्या द्वेष कटुता को तिलांजलि देकर एक दूसरे को गले मिलकर रंग लगाते हैं मिठाई खिलाते हैं तथा सामाजिक सौंदर्य कि अपने क्षेत्र की नहीं अपितु पूरे विश्व भर को मिसाल पेश करते हैं। फिल्मों में भी होली पर कई गाने हैं जिनको सुनते ही आपके मन में उमंग के साथ मस्ती सी छा जाती है और नृत्य करने का मन करता है, हम भारतीयों में एक परंपरा भी है के होली के दिन तो दुश्मनों को भी गले लगाया जाता है और रंग लगाकर दिल मिलाए जाते हैं और सभी एक ही रंग में रंग जाते हैं और वह रंग होता है प्रेम का भाईचारे का, फाल्गुन माह में प्रकृति ने मनुष्य को कई सौगात दी हैं प्रत्येक मौसम हमें प्रकृति के अनेक रूप दिखाता है और हमें नए संदेश देता है वैसे तो हर मौसम अपने आप में विशेष होता है लेकिन उन सभी में बसंत और फागुन का महीना जब साथ होते हैं तो धरती की तुलना सजी-धजी दुल्हन से की जाने लगती है, पेड़ पौधों की नई-नई को कोंपले फूलों और फलों की बहार जीवन को यह संदेश देती हैं के जीवन ठहराव नहीं है जीवन निरंतर चलने वाली एक प्रक्रिया है जो उत्साह और उमंग के साथ जीने पर सरल और आनंद से भर जाता है, पतझड़ के बाद ही बाहर आती है, क्योंकि यह जीवंत गतिशील है प्रजननशील हैं, प्रकृति में हम जीवित चीजों में वृद्धि और विकास देखते हैं। तो हम उस ईश्वर के प्रति हमेशा कृतज्ञ रहे जिसने हमें इस जीवन को सरलता और आनंद के साथ जीने के लिए भरपूर संसाधन दिए हैं उसके प्रति हमेशा आभारी रहे और एक वचन भी दें के हम इस प्रकृति के प्रति हमेशा उदार रहेंगे इसका बहुत ज्यादा शोषण नहीं करेंगे आवश्यकता के हिसाब से ही उसका उपयोग करेंगे और इसका उपभोग ना करने की शपथ भी लेते हुए इस को सजाने और संवारने के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहेंगे जल जीवन और जंगल को बचाने की हरसंभव कोशिश करते हुए इसका आनंद खुशी से लेते रहेंगे।

**- राजकुमार बरूआ**



# होली के रंग स्वादिष्ट पकवानों के संग!







**जीएनएस।** होली रंगों का त्योहार है और लोगों में इस त्योहार के दौरान जबर्दस्त उत्साह और जोश नजर आता है। लोग एक-दूसरे के चेहरों पर रंग लगाते हैं और स्वादिष्ट पकवानों एवं पेय पदार्थों (बीव्रेज) का आनंद उठाते हैं। इस साल एण्डटीवी के कलाकारों का इरादा पूरे जोश के साथ होली मनाने का है और वे अपने होमटाउन के मशहूर होली पकवानों का आनंद उठाने के लिये तैयार हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने उन व्यंजनों की सीक्रेट रेसीपीज के बारे में भी बताया। इन कलाकारों में शामिल हैं 'दूसरी माँ' की यशोदा ऊर्फ नेहा जोशी, 'हप्पू की उलटन पलटन' के दरोगा हप्पू सिंह ऊर्फ योगेश त्रिपाठी और 'भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी ऊर्फ शुभांगी अत्रे। एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' में यशोदा का किरदार निभा रहीं नेहा जोशी ने बताया, ''हालांकि, मैं मूल रूप से महाराष्ट्र की रहने वाली हूं, लेकिन इस साल मैं गुलाबी नगर जयपुर में होली का त्योहार मनाऊंगी। यूं तो मुझे रंगों से खेलना पसंद नहीं है, लेकिन मैं होली के उल्लास का आनंद जरूर उठाती हूं। इसलिये इस बार मैंने जयपुर शहर घूमने और एलिफैंट फेस्टिवल में इस त्योहार के उल्लास का आनंद उठाने की योजना बनाई है। यह फेस्टिवल होली के दौरान मनाया जाता है और इसमें हाथियों को खूबसूरत आसनों और आभूषणों से सजाया जाता है। उनके शरीर और सूढ़ों को पेंट किया जाता है और इन सजे-धजे हाथियों का सड़कों पर एक जुलूस निकाला जाता है। इस मौके पर एक बैंड गाने और ड्रम बजाता है, जो त्योहारी उल्लास का प्रतीक होते हैं। हालांकि, इस फेस्टिवल में शिरकत करने का मैं बेसब्री से इंतजार कर रही हूं, लेकिन मुझे अपनी मां के हाथों की बनी पूरन पोली की कमी खलेगी। महाराष्ट्र में इस दिन पूरन पोली बनाने की परंपरा है। यह एक मीठी रोटी है, जिसके अंदर चने की दाल और गुड़ से बना एक खास तरह का मिश्रण भरा जाता है। यह फसलों की कटाई के एक फेस्टिवल के रूप में इस त्योहार को मनाया जाता है। मुझे पूरन पोली इतनी ज्यादा पसंद है कि मैं दिन भर इन्हें खा सकती हूं (हंसती हैं)। मैं सोच रही हूं कि इस साल मैं खुद अपने हाथों से इसे बनाऊं और यहां के अपने परिवार वालों के साथ इसका आनंद उठाऊं। मेरी तरफ से आप सभी को होली की ढेरों शुभकामनायें।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' में दरोगा हप्पू सिंह का किरदार निभा रहे योगेश त्रिपाठी का कहना है, ''यह मेरा सबसे पसंदीदा त्योहार है। मैं उत्तर प्रदेश का रहने वाला हूं, जहां पर होली दो दिनों का त्योहार होता है और पूरे जोश एवं उत्साह के साथ इसे मनाया जाता है। रंगों से खेलने और एक-दूसरे पर पानी फेंकने के अलावा गुझिया खाना होली पर मेरा सबसे पसंदीदा काम है। यह एक उत्तर भारतीय मिठाई है, जिसे मैदा एवं खोये से बनाया जाता है। मुख्य रूप से यह एक पैटीस है, जिसके अंदर मावा और नट्स का मिश्रण भरा जाता है। इस साल मैं खुद अपने हाथों से गुझिया बनाऊंगा। मैं अपनी बिल्डिंग में पत्नी और बच्चों के साथ होली भी खेलूंगा। होली के मौके पर हमारी सोसायटी के स्विमिंग पूल को रंगीन पानी से भरा जाता है। मैं अपने बेटे के साथ जितना संभव हो, ज्यादा से ज्यादा समय स्विमिंग पूल में ही बिताऊंगा, क्योंकि वह इसे लेकर बहुत उत्साहित है। हमारे सभी दर्शकों को होली की ढेरों शुभकामनायें।'' शुभांगी अत्रे, जोकि अंगूरी भाबी का किरदार निभा रही हैं, ने कहा, ''होली के मौके पर मैं अपने दोस्तों के लिये ढेर सारी मिठाईयां और स्नैक्स बनाती हूं और इस साल भी मेरी यही योजना होगी। मैं अपने होमटाउन भोपाल की कुछ मशहूर डिशेज बनाऊंगी। मेरी इस लिस्ट में गुझिया, जलेबी, बेसन के लड्डू, चकली और भाकरवड़ी शामिल हैं। इसके अलावा, मेर बेटी ने हमारे मेहमानों के लिये कुछ मजेदार गेम्स भी बनाये हैं, जिन्हें वो इस त्योहार का आनंद उठाने के लिये आने वाले मेहमानों के साथ खेलेगी और मैं उसे लेकर बहुत उत्सुक हूं। आप सभी होली आनंदमय और सुरक्षित हो।''

**देखिये 'दूसरी माँ' रात 8:00 बजे, 'हप्पू की उलटन पलटन' रात 10:00 बजे और 'भाबीजी घर पर हैं' रात 10:30 बजे सिर्फ एण्डटीवी पर!**

# परीक्षा पूर्ण करवा कर घर लौट रहे प्रोफेसर पर कालेज परिसर में नकाबपोश बदमाशों का हमला






**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय माधव ला कालेज में परीक्षा पूर्ण करवा कर घर लौट रहे असिस्टेंट प्रोफेसर ईश्वरदत्त पिता विष्णुकांत शर्मा 42 वर्ष निवासी महाकाल एवेन्यू पर कालेज परिसर से निकलते समय नकाबपोश दो बदमाशों ने हमला किया है।प्रोफेसर को सामान्य चोंट आने पर जिला अस्पताल में उपचार दिया गया है।घटना के साथ उनके साथ प्राचार्य अरूणा सेठी एवं 4अन्य प्रोफेसर भी अपने अपने वाहनों पर थे ।नागझिरी थाना पुलिस ने अज्ञात नकाबपोश आरोपियों पर प्रकरण दर्ज किया है।

थाना प्रभारी विक्रमसिंह इवने के अनुसार मंगलवार को दोपहर 3-6 के बीच नागझिरी स्थित कालेज में परीक्षा थी । 3.30 बजे दो युवक कालेज पहुंचे थे और अंदर जाना चाहते थे। उन्हे प्रोफेसर शर्मा ने रोकते हुए पुलिस कर्मियों की सहायता से वहां से जाने का कहा था। दोनों युवक वहां से चले गए थे। शाम को प्रोफेसर के घर जाते समय अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने उन पर हमला किया।पुलिस ने भादवि की धारा 323,294,241 के तहत प्रकरण दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कालेज परिसर में सीसीटीवी केमरा भी नहीं लगे हैं। आरोपियों का पता लगाने के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। प्रोफेसर शर्मा ने बताया कि एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की मंगलवार को ला आफ थाट एंड कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट की परीक्षा पूर्ण होने पर कालेज का ताला लगाकर वे अपनी स्कूटर एवं प्राचार्य अरूणा सेठी,देवेन्द्र प्रतापसिंह ,कलीम अहमद खान एवं असीम शर्मा अपने ङ्कअपने वाहनों पर सवार होकर घर के लिए निकले थे। उनके निकलने के पूर्व पुलिस गार्ड भी कालेज से जा चुके थे। कालेज परिसर की टूटी फूटी कच्ची सड़क पर वे जा रहे थे इसी बीच झाडियों के पीछे से पैदल आए दो नकाबपोश बदमाशों ने सामने आकर उनके सिर के पास मुक्का मार कर गिरा दिया । उसके बाद दोनों युवकों ने उन्हे मुक्के एवं लात से पीटा।आकस्मिक इस हमले से अन्य प्रोफेसर हतप्रभ हो गए ,और वाहनों से उतर कर बीच बचाव किया तो आरोपी युवक बोले की तुम बीच में मत बोलों अन्यथा तुम्हे भी मारेंगे। मारपीट कर दोनों बदमाश भाग कर बाहर रखे अपने वाहन तक पहुंचे और फरार हो गए। प्रोफेसर शर्मा के अनुसार उन्हे गाल,सिर पर घुंसे मारे गए और गिरा कर उन्हे लात मारी गई। कालेज परिसर में सुरक्षा गार्ड नहीं है न ही सीसी टीवी कैमरा ही लगे हैं।यहां तक की यहां आने वाले परीक्षा के पेपर भी कालेज के कमरों में रख दिए जाते हैं रात्रि में चौकीदार भी नहीं है।प्रोफेसर शर्मा ने बताया कि कालेज में परीक्षा के दौरान नकल रोकने के लिए सख्ती की गई है।हमारे प्रयासों से बाधा उत्पन्न होने के कारण नकल माफिया सफल नहीं हो पा रहा है इसके चलते ही उन पर हमला किया गया है। प्रोफेसर शर्मा ने बताया कि पूर्व में भी दो बार उन्हे धमकाया गया था एक अन्य प्रोफेसर हर्षवर्धन यादव के साथ पिछले वर्ष मारपीट की गई थी। शासकीय जाब होने से भय को लेकर उन्होंने थाना में रिपोर्ट नहीं की थी।

## देवास जिले में मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार'' योजना का लाभ लेने के लिए 10 मार्च तक करें आवेदन

### आवेदक को ऑनलाइन आवेदन ई- पोर्टल के माध्यम से करें प्रस्तुत

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक ग्राम पंचायत क्षेत्र में 'आबादी क्षेत्र' की भूमि पर पात्र परिवारों को आवासीय भू-खण्ड उपलब्ध कराने के लिये मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार'' योजना शुरू की गई है। मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना के लाभ लेने के लिए 10 मार्च 2023 तक आवेदन कर सकते है। आवेदक को ऑनलाइन आवेदन ई-पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा। भू-खण्डों का केवल निवास गृह के निर्माण के लिए उपयोग किया जायेगा। भू-खण्ड धारक द्वारा किसी भी शर्त का पालन नहीं करने पर योजना का लाभ नहीं मिलेगा। भू-अधिकार योजना में हितग्राहियों को आवास भू-खण्ड प्राप्त होने से शासकीय योजनाओं एवं बैंक से आवास ऋण प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

## आर्थिक अनुदान सहायता राशि बनी पीड़ित परिवार के लिए मददगार !

### मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना में प्रेमबाई को मिली 4 लाख रुपए की सहायता

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना से किसानों के परिवारों को संबल प्रदान किया जा रहा है। इसी के तहत ग्राम जलेरीया तहसील सोनकच्छ में खेत में कार्य करते समय विद्युत करंट लगने से श्री कमलसिंह पिता अमरसिंह की मृत्यु होने से उनकी पत्नी श्रीमती प्रेमबाई को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।राज्य शासन की योजनाएं पीड़ित परिवारों के लिए संकट की घड़ी में मददगार बन रही है। मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान आमजन की पीड़ा को समझते हैं। उन्होंने प्रदेश की जनता के लिए कई जनहितैषी योजनाएं प्रारंभ की है। इन योजनाओं के लाभ से पीड़ितों को संकट की घड़ी में संबल मिल रहा है।

## मदिरा दुकानों/एकल समूहों का ई-टेण्डर के माध्यम से निष्पादन का कार्यक्रम जारी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सहायक आबकारी आयुक्त जिला उज्जैन ने बताया है कि नवीनीकरण के आवेदन-पत्र रहित मदिरा दुकानों के एकल समूह पर इच्छुक पात्र आवेदकों को लॉटरी आवेदन-पत्र क्रय करने की तिथि 6 मार्च की सुबह 10.30 बजे से 9 मार्च को अपराह्न 5.30 बजे तक निर्धारित की गई है। इन्हीं तिथि एवं निर्धारित समय में आवेदन-पत्र वांछित अभिलेख के साथ जमा किये जायेंगे। प्रस्तुत किये गये लॉटरी आवेदन-पत्रों का जिला समिति द्वारा परीक्षण करने व खोलने का समय 10 मार्च को प्रात- 11 बजे से कार्यवाही पूर्ण होने तक रहेगा। इसी तरह वर्ष 2023-24 हेतु ई-टेण्डर के निष्पादन का कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार ई-टेण्डर हेतु ऑनलाइन टेण्ड प्रपत्र डाउनलोड एवं ई-टेण्डर ऑफर समिट करने की तिथि 13 मार्च को प्रात- 10 बजे से प्रारम्भ होकर 17 मार्च को अपराह्न 2 बजे तक रहेगी। ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र 17 मार्च को अपराह्न 2.30 बजे खोले जायेंगे।

## जननी एक्सप्रेस को रास्ते में तीन युवकों ने रोक लियाओर चालक के साथ मारपीट की गाड़ी कांच फोड दिए

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मरीज को अस्पताल छोड़कर लौट रही जननी एक्सप्रेस को रास्ते में तीन युवकों ने रोक लिया और शराब दुकान तक छोड़ने की बात कही। चालक ने गाड़ी मरीजों के लिए होने की बात कही तो तीनों ने पथराव कर जननी एक्सप्रेस के कांच फोड़ दिए और चालक के साथ मारपीट की।

नरवर थाना पुलिस ने बताया कि बीती रात जननी एक्सप्रेस का चालक मनीष सोलंकी ग्रामीण क्षेत्र से महिला मरीज को थाने के समीप शासकीय अस्पताल छोड़ने आया था जहां से वापस लौटते समय देवास रोड पर उसे अनिल नामक युवक ने रोक लिया। अनिल के 2 साथी भी मौके पर पहुंच गए और तीनों शराब दुकान तक छोड़ने की जिद करने लगे। चालक ने गाड़ी मरीजों के लिए होना बताई तो तीनों ने पत्थरबाजी करते हुए जननी एक्सप्रेस के कांच फोड़ दिए। चालक ने तीनों को पत्थरबाजी करने से रोकने का प्रयास किया तो उसके साथ भी जमकर लात मुक्के से मारपीट की गई। तीनों जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। घटनाक्रम की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया और बयान दर्ज कर मारपीट करने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। जननी एक्सप्रेस के कांच फूटने से 15 हजार का नुकसान होना सामने आया है।

## रेशम और खादी वस्त्रों की नवीन डिजाइन आएगी बाजार में तीन आधुनिक डिजाइनर से किया एमओयू

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश में बने हथकरघा और रेशम के वस्त्र शीघ्र ही आधुनिक डिजाइन में बाजार उपलब्ध होंगे। इसके लिए रेशम संचालनालय और संत रविदास हस्त शिल्प और हथकरघा विकास निगम ने ख्याति मान तीन प्रमुख डिजाइनरों साधना व्यास, फरहत मलिक और सुश्री आयुषी अग्रवाल के साथ समझौता किया है। एमओयू पर प्रमुख सचिव मनु श्रीवास्तव की उपस्थिति में आयुक्त रेशम उत्पाद मदन नागरगोजे, आयुक्त एवं एमडी हस्तशिल्प विकास निगम अनुभा श्रीवास्तव ने हस्ताक्षर किए।अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव ने कहा कि यह डिजाइनर हमारे सभी ग्राहकों के लिए हमारे स्वदेशी हाथकरघे और रेशमी कपड़ों का उपयोग करके अद्वितीय आधुनिक और पारंपरिक परिधानों का डिजाइन निर्माण करेंगे। ये कलेक्शंस मृगनयनी और प्राकृत के कई स्टोर्स पर लॉन्च किए जाएंगे।

## स्वनिधि योजना से परिवार की आर्थिक स्थिति में हुआ सुधार

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उज्जैन निवासी पप्पू मालवीय ठेले पर फल बेचकर अपने परिवार का गुजर-बसर करते हैं। उन्हें अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिये स्वनिधि योजना के माध्यम से 10 हजार रुपये की राशि का ऋण प्राप्त हुआ। इसके पश्चात 20 हजार और फिर 50 हजार रुपये का ऋण और प्राप्त हुआ। इससे उनका व्यवसाय अब काफी अच्छा चल रहा है और परिवार की आर्थिक स्थिति में भी पहले से काफी सुधार हुआ है।

# शान्ति समिति की बैठक आयोजित

### मिलजुल कर त्यौहार मनाने की परम्परा का निर्वहन करेंगे

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड** शान्ति समिति की बैठक पुलिस कंट्रोल रूम में आज कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम एवं पुलिस अधीक्षक श्री सत्येन्द्र कुमार शुक्ल की मौजूदगी में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि शहर की परम्परा के अनुरूप मिलजुल कर त्यौहार मनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक के बारे में क्या बेहतर किया जा सकता है, इस पर विचार कर शहर का एक इंटीग्रेटेड ट्रैफिक प्लान बनाने की आवश्यकता है। इस दिशा में शीघ्र ही कार्यवाही की जायेगी। त्यौहारों के दौरान कहीं भी यदि कोई कानून व्यवस्था की समस्या आती है तो वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के संज्ञान में बात लाई जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि शान्ति समिति की बैठक में उपयोगी सुझाव आये, इन पर अमल किया जायेगा।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री सत्येन्द्र कुमार शुक्ल ने कहा कि आने वाले समय में होली, रंग पंचमी, चैत्र नवरात्रि व शबे बारात व रमजान जैसे त्यौहार आ रहे हैं। इन अवसरों पर सभी थाना स्तरों पर शान्ति समिति की बैठक आयोजित की जायेगी। इनमें कार्यपालक दण्डाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। थाना स्तर पर प्लानिंग करके त्यौहारों को शान्तिपूर्वक मनाया जायेगा।



### उपयोगी सुझाव आये

शान्ति समिति की बैठक में अनेक उपयोगी सुझाव आये। पूर्व विधायक श्री राजेन्द्र भारती ने कहा कि मन्दिरों में एक दिन पूर्व ही होलिका दहन करने की परम्परा है। इसमें सभी गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाना चाहिये। होली के अवसर पर वृक्षों की कटाई न हो, आवागमन में कठिनाई न हो व रंगपंचमी व धुलेंडी पर शरीर के लिये घातक रंगों का प्रयोग न किया जाये, इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिये। उन्होंने फ्रीगंज ओवर ब्रिज से ग्राण्ड होटल की ओर रॉंग साईड जाने वाले वाहन चालकों को सख्ती से रोकने की मांग की। श्री द्वारकाधीश चौधरी ने कहा कि धुलेंडी एवं रंगपंचमी पर आयोजित होने वाली भगवान महाकालेश्वर की भस्मारती में फूलों से होली खेली जाना चाहिये, कैमिकल रंगों का उपयोग न किया जाये। श्री अशोक प्रजापत ने कहा कि परम्परा के अनुसार होली का आयोजन हो। श्री शमीम अहमद खान ने कहा कि 7 मार्च से शबे बारात का आयोजन होगा। इस अवसर पर बिजली, पानी की व्यवस्था माकूल की जाये व साफ-सफाई रखी जाये। श्री रवि भदौरिया ने कहा कि होली व रंगपंचमी के अवसर पर पर्याप्त मात्रा में पानी की व्यवस्था हो। टाटा कंपनी द्वारा सड़कों पर खोदे गये गड्ढों को भरा जाये। श्री मकसूद अली ने कहा कि शबे बारात के अवसर पर कब्रिस्तानों में लाईट की व्यवस्था की जाये एवं तीर्थ यात्रियों के लिये पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था हो। श्री चरणजीतसिंह ने कहा कि छत्रीचौक एवं आसपास से हटाये गये अतिक्रमण के कारण लोगों को काफी सुविधा हुई है। उन्होंने यात्री गृहों व होटलों के बाहर रेटलिस्ट लगाने व बैसाखी पर जरूरी व्यवस्था करने के लिये कहा है। श्री श्याम बंसल ने कहा कि होली का परम्परागत त्यौहार जिन स्थानों पर होता है, वहां पर व्यवस्था लगाई जाये व हर्बल रंगों का ही उपयोग किया जाये। काजी खलीकुर्रहमान ने कहा कि दोनों त्यौहार साथ में आये हैं, इन पर अमन व शान्ति कायम रहे, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये।

## कलेक्टर ने उन्हेल निवासी 4 व्यक्तियों पर रासुका लगाई

**उज्जैन/दैनिक मालवा हरोल्ड।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कुमार पुरुषोत्तम ने उन्हेल निवासी कालू पठान पिता शौकत पठान, आमीर पिता राजा खां, आजाद शाह पिता इशहाक शाह व शाकिर पिता इलियास के विरूद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम-1980 की धारा-3 की उप धारा-2 के अधीन केन्द्रीय जेल में निरूद्ध होने के दिनांक से आगामी तीन माह के लिये जेल में बन्द करने के आदेश जारी किये हैं। उल्लेखनीय है कि उक्त चारों आरोपियों पर विगत 17 फरवरी को गोवंश वध करने का आरोप है तथा इनके विरूद्ध थाना उन्हेल में धारा-429 4.6.9 मप्र गोवंश प्रतिषेध अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर चारों अपराधियों के विरूद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत निरूद्ध करने के आदेश जारी कर दिये हैं।

## बजट में आधी आबादी का पूरा ध्यान रखा गया - खंडेलवाल

### जिला अध्यक्ष ने कहा मध्यप्रदेश सरकार का बजट महिलाओं को समर्पित

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय जनता पार्टी जिला देवास के अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल ने मध्यप्रदेश के बजट को महिलाओं को समर्पित बताया है। उन्होंने कहा कि संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बजट में आधी आबादी का पूरा ध्यान रखा है। बजट में नारी कल्याण के लिए 1 लाख 2 हजार 976 करोड़ रूपये का प्रावधान किए जाने पर उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा का प्रदेश की नारी शक्ति की ओर से आभार माना है। खंडेलवाल ने कहा कि होनहार बेटियों को उनके मामा मुख्यमंत्री ने बजट में बड़ी सौगात दी है। बजट में मुख्यमंत्री बालिका स्कूटी योजना शुरू करने का प्रावधान किया है, इस योजना से प्रदेश के लगभग 5 हजार विद्यार्थियों में कक्षा 12वीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं को स्कूटी मिलेगी।



उन्होंने कहा की बजट में लाडली बहना योजना के लिए 8 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान कर मुख्यमंत्री ने प्रदेश की बहनों को बड़ा उपहार दिया है। यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और सक्षम बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। श्री खंडेलवाल ने कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भर बनें इसके लिए बजट में महिला स्वयं सहायता समूह के लिए 660 करोड़ और महिलाओं के स्वरोजगार के लिए 1000 करोड़ की बड़ी घोषणा की गयी है। लाडली लक्ष्मी योजना के लिए सरकार ने 929 करोड रुपये और पीएम मातृ वंदना योजना के लिए 1466 करोड़ रुपये आबंटित किए है। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र चौधरी व सह मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

# सार समाचार

## गांव लौट रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** दोस्तों के साथ देर रात गांव लौट रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। दोस्तों को मामूली चोंट लगी है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। दुर्घटना लोडिंग आटो से होना सामने आया है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि देर रात खिलचीपुर पुलिया पर बाइक सवारों के दुर्घटना में घायल होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। तीन युवको को जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया। घायल मनोज चौहान और दिग्विजयसिंह निवासी चककमेड़ मामूली घायल हुए थे, उन्होने बताया कि मृतक चेतन पिता जसवंतसिंह (19) है। दिग्विजय इंदिरानगर आया था, उसके पास बाइक नहीं थी, जिसके चलते चेतन और मनोज उसे लेने आए थे, जहां से तीनों गांव चक कमेड लौट रहे थे। रास्ते में लोडिंग आटो चालक ने टक्कर मारी है। पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज कर मृतक के परिजनों को सूचना दी। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक खेती-किसानी का काम करता था। एसआई करण खोवाल ने बताया कि लोडिंग आटो जब्त कर लिया गया है। चालक मौके से भाग निकला था, जिसकी तलाश की जा रही है।

## महिला से पौने दो लाख रुपये लेने के बाद 2 शातिर बदमाश लापता

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मकान बनाने के नाम पर महिला से पौने दो लाख रुपये लेने के बाद 2 शातिर बदमाश लापता हो गये। 2 साल तक झांसा दिया गया, महिला को पैसे वापस नहीं मिले तो अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत थाने पहुंचकर दर्ज कराई।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि सरस्वतीनगर में रहने वाली उर्मिला पति राजकमल मीणा ने जनवरी 2021 में कृष्णविहार कालोनी में मकान बना रहे विशालसिंह से संपर्क किया था। उसने 11 लाख में प्लाट और उस पर मकान बनाकर देने की बात कहीं। उर्मिला ने सौदा पक्का कर लिया और 2 किश्त में पौने दो लाख रुपये दे दिये। विशाल अपने साथी अमित के साथ मिलकर मकान बना रहा था। कुछ दिनों तक प्लाट की रजिस्ट्री कराने का झांसा देकर मकान निर्माण शुरु करने का झांसा देता रहा। उसके बाद दोनों लापता हो गये। विशाल इंदौर का रहने वाला था और किराए से रहता था, अमित ने अपना पता फ्रीगंज का बताया था। उर्मिला ने दोनों के लापता होने पर उनकी तलाश की और मोबाइल पर संपर्क किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। अपने साथ पौने दो लाख की धोखाधड़ी होने पर मामले की शिकायत थाने पहुंचकर की। पुलिस ने जांच के बाद मामले में बुधवार को दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। दोनों की तलाश मोबाइल नम्बर के आधार पर की जा रही है।

## दिनदहाड़े चोरों ने मकान का ताला तोड़कर घरेलू सामान चोरी कर लिया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।**बसंत विहार कालोनी में दिनदहाड़े चोरों ने मकान का ताला तोड़कर घरेलू सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने जांच के बाद मामले में आवेदन लेकर बदमाशों की तलाश का आश्वासन दिया है। नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के बसंत विहार में रहने वाले हर्ष पिता हरिनारायण अपने मकान का ताला लगाकर क्षेत्र में चल रहे अपने दूसरे निर्माणाधी मकान पर परिवार के साथ गये थे। शाम को वापस लौटे तो ताला टूटा मिला। चोरों ने गैंस सिलेंडर के साथ घरेलू सामान चोरी हो चुका था। मामले की सूचना नानाखेड़ा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस जांच के लिये पहुंची और सिर्फ सामान चोरी होने पर परिवार से शिकायती आवेदन लेकर जांच का आश्वासन दे दिया। गौरतलब हो कि शहर में दिन-रात चोरी की वारदात होना सामने आ रही है। पिछले एक सप्ताह में 2 बड़ी वारदाते जीवाजीगंज और कोतवाली थाना क्षेत्र में होना सामने आ चुकी है। बावजूद अब तक बदमाशों का सुराग नहीं लग पाया है। चोरों का गिरोह जनवरी माह से सक्रिय बना हुआ है। पुलिस को कई वारदातों के बाद फुटेज मिले है, लेकिन वारदात करने वालों की पहचान नहीं हो पाई है।

## लगातार अपराधों को अंजाम दे रहे चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।**लगातार अपराधों को अंजाम दे रहे चार बदमाश बुधवार को पुलिस की गिरफ्त में आ गये। चारों पर प्रतिबंधात्मक धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया है।

महाकाल थाने के एसआई जयंत डामोर ने बताया कि होली और रंगपंचमी पर्व से पहले कानून व्यवस्था को बनाए रखने के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जारी किये गये है। जिसके चलते लगातार अपराधों में शामिल बदमाशों की धरपकड़ शुरु की गई है। बुधवार को बेगमबाग में रहने वाले अरबाज पिता इदरीश (21) इमरान पिता मोहम्मद शरीफ (20) नसीब होटल की गली, साकिर पिता अब्दुल रशीद (30) कोट मोहल्ला और भय्या पिता शौराब मेवाती (26) निवासी वजीर पार्क को गिरफ्तार किया गया। चारों के खिलाफ हफ्तावसूली, प्राणघातक हमले, मारपीट, दहशत फैलाने जैसे संगीन मामले दर्ज है। चारों लगातार महाकाल क्षेत्र में अपनी अपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे, जिसके चलते प्रतिबंधात्मक धाराओं में प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है। बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर कार्रवाई के लिये फाइल जिलाधीश के पास भेजी जाएगी।

**सफलता की कहानी-01**

## गर्भावस्था के दौरान चिन्हांकन कर किया जा रहा है एनीमियामुक्त



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के ग्राम आक्यानजीर में घुमक्कड़ समाज के कई परिवार निवास करते हैं। इन्हीं में से एक श्री आत्माराम, जो गरीब परिवार के है, दैनिक मजदूरी कर अपने परिवार का जीवन-यापन करते हैं। आत्माराम की पत्नी माया दूसरी बार गर्भवती हुई। क्षेत्रीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा गर्भवती महिलाओं की ए.एन.सी. जांच की जा रही थी। इस दौरान माया की जांच में उनका हिमोग्लोबिन मात्र छह ग्राम था, जो गंभीर एनीमिया की श्रेणी में आता है। क्षेत्रीय महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती नीलिमा मंडल द्वारा माया को आयरन सुक्रोज की बाटल लगवाने हेतु कहा गया। स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा माया को उप स्वास्थ्य केन्द्र आक्यानाजीर में पहुंचाकर उसे कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की निगरानी में एक आयरन सुक्रोज निःशुल्क लगावाया गया, जिससे उसका हिमोग्लोबिन बढ़कर आठ ग्राम हो गया। माया की लगातार निगरानी की जा रही है। समय-समय पर चार आयरन सुक्रोज निःशुल्क ही लगाये जायेंगे। पूरे डोज के पश्चात माया का हिमोग्लोबिन सामान्य हो जायेगा। वह हाईरिस्क श्रेणी से बाहर आ जायेगी। मातृ मृत्यु दर को नियं?त्रित करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस हेतु सरकार द्वारा निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। विभाग द्वारा मातृत्व स्वास्थ्य के अन्तर्गत सभी प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं। मातृत्व स्वास्थ्य सेवाओं के अन्तर्गत गर्भावस्था अवधि प्रारंभ होने से प्रसूति तक महिलाओं की पूर्ण निगरानी कर सुरक्षित संस्थागत प्रसव करवाया जा रहा है।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )